CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 261 | राजनांदगांव, शुक्रवार 08 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# चुनाव आयोग के साथ मिलकर सत्ताधारी दल कर रहा आपराधिक धोखाधड़ी; राहुल ने ईसी पर लगाए आरोप

### स्क्रीन पर वोटर लिस्ट दिखाकर दावा- महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध नाम, कर्नाटक में भी फर्जीवाड़ा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर करारा हमला बोला है। उन्होंने विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि- महाराष्ट्र में 40 लाख वोट रहस्यमयी तरीके से जोड़े गए हैं। राहुल गांधी का आरोप है लोकसभा चुनाव 2024 और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के बीच इन मतदाताओं को जोड़ा गया है।

### चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर राहुल गांधी हमलावर

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बीते कुछ समय से चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक और कुछ अन्य जगहों की मतदाता सूची के आधार पर चौंकाने वाले दावे किए हैं। मतदाता सूची में जोड़े गए हजारों-लाखों नाम का उल्लेख करते हुए राहुल ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का



पालन न करते हुए वोट की चोरी की जा रही है। उन्होंने कई आंकड़ों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि आयोग की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में है।

### भाजपा के लिए की जा रही है वोटों की चोरी

राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से जुटाए गए सबूतों का जिक्र करते हुए कहा कि वोटों की चोरी भाजपा के लिए की जा रही है। मतदाता सूची के मुद्दे पर कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि आयोग इस मुद्दे पर जवाब क्यों नहीं दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है। राहुल का कहना है कि, शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला है।

### महाराष्ट्र में भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत

नवंबर 2024 में कराए गए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद हमारे संदेह की पुष्टि हुई कि विधानसभा चुनाव में धांधली हुई... मशीन में पढ़ी जा सकने वाली मतदाता सूची नहीं मुहैया कराए जाने से हमें यकीन हो गया कि चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में चुनाव में धांधली के लिए भाजपा के साथ मिलीभगत की है। राहुल गांधी ने कहा, महाराष्ट्र में, 5 महीनों में 5 साल से ज्यादा मतदाताओं के जुड़ने से हमारा संदेह बढ़ा और फिर शाम 5 बजे के बाद मतदान में भारी उछाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### गैर-जिम्मेदाराना और शर्मनाक बयान..., राहुल के चुनावी धांधली के आरोपों के पर भाजपा का पलटवार



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश की जनता का अपमान करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा की चुनावी जीत को फ्रॉड यानी धोखा करार देकर बहुत ही गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक बयान दिया है। भाजपा ने कहा कि जनता इसी तरह के व्यवहार और सोच के कारण लगातार कांग्रेस को नकारती रही है और आगे भी नकारती रहेगी। राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि कर्नाटक की एक लोकसभा सीट के मतदाताओं के आंकड़ों का विश्लेषण करने से यह पता चलता है कि 2024 के आम चुनाव में चुनाव आयोग ने भाजपा के इशारे पर चुनाव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सबूत के साथ शपथ पत्र हमें सौंपे, नहीं तो..., राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग ने मांगा जवाब

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव 2024 में कर्नाटक की एक विधानसभा क्षेत्र में फर्जी वोटिंग होने का आरोप लगाया है। मीडिया से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने कथित तौर पर कुछ सबूत भी दिखाए। राहुल गांधी ने दावा किया कि वोटर लिस्ट में कहीं हाउस नंबर 0 दर्ज है तो कहीं पिता का नाम ही फर्जी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के इस दावों पर चुनाव आयोग ने पत्र लिखकर उनसे प्रमाण के साथ शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें। नहीं तो वो अपने बयान वापस लें और जनता को गुमराह न करें। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पत्र लिखकर अपात्र मतदाताओं के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईडी बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता, कानून के दायरे में रहना होगा, कोर्ट की सुप्रीम टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई। जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं। शीर्ष अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा



गया था। केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। राजू ने कहा, प्रभावशाली बदमाशों के पास बहुत साधन होते हैं। वे कार्यवाही को लंबा खींचने के लिए अलग-अलग चरणों में आवेदन दायर करने के लिए वकीलों की फौज रखते हैं। मामले का जांच अधिकारी जांच में समय लगाने के बजाय किसी न किसी आवेदन के लिए अदालत के चक्कर लगाता रहता है। न्यायमूर्ति भुयान ने अपने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तोमर बंधुओं पर एक्शनः कोर्ट ने दिए 18 अगस्त तक पेश होने के आदेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सूदखोर और हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं को कोर्ट ने 18 अगस्त तक पेश होने का आदेश दिया है। पेश नहीं होने पर इनकी संपत्ति कुर्क हो जाएगी। पुलिस ने तोमर बंधुओं की अचल संपत्ति की जानकारी जुटा ली है। जिसमें 11 अचल सम्पत्तियों के सुराग मिले हैं।



वरना होगी संपत्ति कुर्क

हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर, रूबी उर्फ वीरेंद्र तोमर, रूबी तोमर की पत्नी शुभ्रा तोमर, माता सुशीला तोमर, भतीजे दिव्यांश तोमर और शुभकामना वेंचर के नाम पर मकान और जमीन है। रायपुर के भाठागांव, गंगानगर, अभनपुर झांकी, तुमगांव महासमुंद और धरसींवां में इनकी अचल संपत्तियां हैं। जिसकी कीमत आठ करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने फरार हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर की पत्नी भावना उर्फ रुचि तोमर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी बोले - किसानों-पशुपालकों के हितों से समझौता नहींः टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा- इसकी कीमत चुकानी होगी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति का भारत ने करारा जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार, 7 अगस्त को सख्त संदेश देते कहा, भारत अपने किसानों के हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा। इसके लिए हमें अतिरिक्त टैरिफ भी मंजूर है।



अमेरिका इन सेक्टर में एंट्री चाहता है

प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली में आयोजित एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह बात डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा के ठीक एक दिन बाद कही है, जिसमें उन्होंने भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की है। व्हाइट हाउस से जारी आदेश के अनुसार, ट्रम्प की इस घोषणा के साथ भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। प्रारंभिक शुल्क 7 अगस्त से लागू हुआ था, लेकिन अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद लागू होगा। अमेरिका में आयातित सभी भारतीय वस्तुओं पर लगाया जाएगा, सिवाय उन वस्तुओं के जो पहले से ही पारगमन में हैं या जिन्हें विशिष्ट छूट प्राप्त हैं।

### क्या है अमेरिका की टैरिफ नीति

अमेरिका ने 7 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लागू कर दिया है, जबकि 27 अगस्त से अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इससे भारत के लिए अमेरिका में एक्सपोर्ट महंगा हो जाएगा और इससे मांग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत पर लगा 50 फीसदी टैरिफ तो भड़का चीन... ट्रंप को सुना दी खरी-खरी, अमेरिका पर साधा निशाना

नई दिल्ली। चीन ने गुरुवार को ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत के एकतरफा टैरिफ के खिलाफ भारत के विरोध का समर्थन किया है। अमेरिका ने पारस्परिक टैरिफ नीति के तहत 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और रूस से तेल आयात करने पर भारत को दंडित करने के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।



दिल्ली स्थित चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से एक अंग्रेजी समाचार पत्र का संपादकीय कॉलम साझा किया है। जिसमें कहा गया है, भारत की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है और इसकी विदेश नीति के विकल्पों में अन्य देशों द्वारा हेरफेर नहीं किया जा सकता है, चाहे भारत के साथ उनके अपने संबंध कितने भी महत्वपूर्ण क्यों न हों।

लेख में सोमवार को विदेश मंत्रालय के बयान का हवाला दिया गया है, जिसमें रूस के साथ संबंधों के लिए भारत को निशाना बनाने के लिए अमेरिका और यूरोपीय संघ की आलोचना की गई है। चीन द्वारा इस तरह का समर्थन ऐसे समय में आया है जब भारत और उसके सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका के बीच संबंधों में खटास आ रही है।

## धराली त्रासदी-5 की मौत; एक आर्मी ऑफिसर, 8 जवान लापताः धराली से 70, हर्षिल से 190 और गंगोत्री से 274 लोगों का रेस्क्यू



देहरादून। उत्तराखंड के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर और 8 जवान लापता हैं। वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को AIIMS ऋषिकेश, 9 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### आपदाग्रस्त सैंजी गांव पहुचे सीएम धामी, प्रभावितों के पोछे आंसू

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को पौड़ी जनपद के आपदाग्रस्त क्षेत्र सैंजी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित ग्रामीणों से उनका हालचाल पूछते हुए क्षति की जानकारी ली। उन्होंने प्रभावितों के आंसू पूछते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर समय उनके साथ है। उन्होंने जिलाधिकारी को आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में किसी प्रकार की कमी न होने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने हेलिकॉप्टर से थलीसैंण तहसील के बांकुड़ा सहित अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## यूक्रेन युद्ध के बाद पहली बार भारत आएंगे राष्ट्रपति पुतिन, एनएसए अजित डोभाल ने की पुष्टि

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल (2025) के अंत तक भारत दौरे पर आ सकते हैं। यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरशषा सलाहसहर अजित डोभाल ने रूी न्यूज एजेंसी को दी है। यह दौरा खास इसलिए है कि यूक्रेन युद्ध के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी।



अजित डोभाल इन दिनों रूस की यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। उन्होंने कहा, भारत और रूस के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी है, और हम इस रिश्ते को बेहद अहम मानते हैं। पुतिन आखिरी बार दिसंबर 2021 में भारत दौरे पर आए थे, जब दोनों देशों के बीच 28 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर हुए थे। इनमें सैन्य और तकनीकी सहयोग भी शामिल था। उस समय 2025 तक 30 अरब डॉलर सालाना व्यापार का लक्ष्य तय किया गया था।

अब उम्मीद की जा रही है कि इस दौरे में 2030 के लिए नया आर्थिक रोडमैप तैयार किया जाएगा। फिलहाल भारत-रूस के बीच करीब 60 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है, जिसे बढ़ाकर 100 अरब डॉलर से अधिक करने की योजना है। यूक्रेन युद्ध के बाद मार्च 2023 में इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था, जिसके बाद से वे विदेशी यात्राओं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों को गंभीरता से लेकर पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं कलेक्टर्स- सीएम विष्णुदेव साय

### अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का बजट 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ किया गया

### अनुसूचित जाति वर्ग के पांच युवाओं को हर साल पायलट बनाने दी जाएगी आर्थिक सहायता

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज जांजगीर-चांपा जिले के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक में प्राधिकरण के बजट को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ रुपये करने की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों को सभी कलेक्टर्स गंभीरता से लें और उन्हें उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अब प्राधिकरण की बैठक




हर वर्ष समय पर आयोजित होगी और कार्यों की गहन समीक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संविधान की मंशा के अनुरूप अनुसूचित जाति समुदाय के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए हम बाबा गुरु घासीदास जी के 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश को आत्मसात कर समाज में सम्मान और समानता की भावना को सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिले को इस बैठक के लिए विशेष रूप से इसलिए चुना गया, क्योंकि यह अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और अब समय आ गया है कि हम विकास की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की संकल्पना के अनुरूप राज्य में विकास के कार्य हुए हैं। अनुसूचित जाति समाज के समुचित विकास के लिए प्राधिकरण एक सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से सरकार ठोस प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गिरौधपुरी धाम के विकास के लिए 2 करोड़ रुपये, अजा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु कोचिंग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिका में 100 साल में सबसे ज्यादा टैरिफः हर अमेरिकी को सालाना 2 लाख का नुकसान; दुनिया पर मंदी का खतरा बढ़ा

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार विदेशी सामानों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया। इसका सीधा असर अमेरिका के शेयर बाजार पर पड़ा।



डाउ जोंस, S&P और नैस्डैक जैसे मार्केट इंडेक्स में 2 दिन में 10 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। बाजार की हालत बिगड़ती देख ट्रम्प सरकार ने टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया।

अब ट्रम्प ने एक बार फिर से 9 अगस्त से दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अमेरिकी एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे अमेरिकी मार्केट को फिर नुकसान हो सकता है और दुनियाभर में मंदी आने का खतरा है। अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी के बजट लैब के अनुमान के मुताबिक अमेरिका में औसत टैरिफ रेट 18.3 प्रतिशत हो चुका है। इससे पहले 1909 में अमेरिका में औसत टैरिफ रेट 21 प्रतिशत था। यानी मौजूदा टैरिफ 100 साल में सबसे ज्यादा है।

बढ़े हुए टैरिफ की वजह से अमेरिकी परिवारों को इस साल औसतन 2400 डॉलर (2 लाख रुपए) का एक्स्ट्रा खर्च उठाना पड़ेगा। पहले वे जो विदेशी सामान 100 डॉलर में खरीद रहे थे, अब उसके लिए उन्हें 118.3 डॉलर चुकाने होंगे। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्री वेंडोंग झांग का कहना है कि आने वाले समय में अमेरिका में उन चीजों की कीमतें और बढ़ेंगी, जिनमें स्टील और एल्युमीनियम का इस्तेमाल होता है, जैसे रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन। बजट लैब के मुताबिक टैरिफ से अमेरिका की जीडीपी 0.5 प्रतिशत गिर सकती है। इसका मतलब है कि अमेरिका की 28 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी को एक साल में 140 बिलियन डॉलर का नुकसान होगा। भारतीय रुपए में यह 11.6 लाख करोड़ है। टैक्स (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

## पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम का उल्लंघन करने पर जप्तशुदा चार वाहन राजसात

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम का उल्लंघन करने के प्रकरणों में जप्तशुदा चार वाहनों को शासन के पक्ष में राजसात करने की कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी अनुसार हिंगोली रोड गुप्ता लेआॅट जिला वाशिम महाराष्ट्र निवासी सुनील जाधव के स्वामित्व के वाहन ट्रक क्रमांक एमएच 37 जे 1787 में 30 नग मवेशी गाय व बैल प्रजाति, खामाता टकनी पोस्ट कठुर्ना तहसील व जिला भण्डारा महाराष्ट्र निवासी सचिन भेड़े के स्वामित्व के वाहन पिकअप एमएच 36 एए 1821 में 3 नग मवेशी भैंस प्रजाति, वार्ड क्रमांक 2 परेवाडीह गोडलवाही छुरिया निवासी ओमकार साहू के स्वामित्व के पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-08/एए 4892 से 10 नग जीवित व 4 नग मृत कुल 14 नग गाय बछड़ा प्रजाति तथा बालोद्यान गार्डन रोड हजारी पहाड़ नागपुर निवासी नितीन विनायक ठवरे के स्वामित्व के वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 04 डीबी 6744 में 10 नग भैंसा, 4 नग भैंसी कुल 14 नग मवेशी भैंस प्रजाति भरकर बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक बूचडख़ाना व कत्लखाना की ओर तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ले जाया जा रहा था। जिन्हें पुलिस विभाग द्वारा पकड़कर विधिवत कार्रवाई की गई। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

## लायंस क्लब सिटी की नई टीम ने डॉ. रमन सिंह से की सौजन्य भेंट



राजनांदगांव (दावा)। आज लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी की नई टीम सेवा की राह में सत्र 2025-26 के पदाधिकारियों सहित सभी सदस्यों द्वारा हमारे लाड़ले विधायक छत्तीसगढ़ शासन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद लिया। जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष लायन अमित खण्डेलवाल, पद्मश्री लायन डॉ.पुखराज बाफना, ला. उमेंद कोठारी, ला. संतोष लोहिया, रीजन चेयर पर्सन लायन राजकुमार शर्मा, ला. विजय कोटड़ीया, मुकेश चौबे, कोषाध्यक्ष लायन सुरेश शर्मा, लायन राजा माखीजा, संजय तेजवानी सहित उपस्थित थे। उक्त जानकारी लायंस क्लब के सचिव लायन मयंक शर्मा ने दी हैं।

## सुरेश रंगलानी (गुन्नी) का निधन



खैरागढ़ (दावा)। रोहित मोटर्स एंव आशिष लाज के संचालक सुरेश रंगलानी (गुन्नी) पिता स्व.अर्जुन दास रंगलानी का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और रायपुर के एक निजी अस्पताल रामकृष्ण केयर में इनका इलाज चल रहा था। इसी दौरान गुरुवार 07 अगस्त को दोपहर 3 बजे इनका इलाज के दौरान निधन हो गया। वे अपने पिछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन से पूज्य सिंधी समाज में शोक की लहर दौड़ गई। वे अरूण रंगलानी एवं दिनेश रंगलानी (बल्ला) के अनुज थे। उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार 8 अगस्त, सुबह 11:00 बजे, निज निवास वार्ड नंबर 18 तुरकारी पारा से निकलेगी और कृषि उपज मंडी अमलीपारा स्थिति मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## पत्रकार अशोक अम्बादे का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ के सदस्य, पत्रकार अशोक अम्बादे का गुरूवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा आज 8 अगस्त को सुबह 10 बजें उनके निज निवास दंतेश्वरी पारा वार्ड नं. 2 से निकलेगी। उनके निधन पर प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़, बौद्ध समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है।

# यादव समाज के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व में गोकुल वृंदावन बनेगा संस्कारधानी




**शहर में 15 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित भव्य तिरंगा मोटर सायकल रैली का आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के यादव समाज द्वारा संस्कारधानी नगरी में 16 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में समाज के मुखिया मन्ना यादव ने अपने अन्य यादव बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्कारधानी नगरी में 16 अगस्त शनिवार को यादव समाज द्वारा यादवों के आराध्य देवता भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके एक दिन पहले शहर में भगवान श्री कृष्ण को समर्पित भव्य तिरंगा मोटर सायकल रैली निकाली जाएगी, जिसका धूमधाम के साथ नगर भ्रमण होगा। इस दौरान शहर में जय यादव-जय माधव की गूंज बनी रहेगी। वहीं जय-जय श्री कृष्ण के उद्घोष से समूचा वातावरण गुंजायमान बना रहेगा।

प्रेस वार्ता में उपस्थित सुदेश यादव ने बताया कि इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शहर में गोकुल वृंदावन की छटा दिखाई देगी। संस्कारधानी नगरी में यादव समाज के आराध्य देवता लड्डू गोपाल पूरे-भक्ति भाव के साथ पूजे जाएंगे। शहर के प्रत्येक वार्डो से भगवान श्री कृष्ण की मनोरम झांकी सहित रैली निकाली जाएगी। समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता भोला यादव ने बताया कि इस बार भगवान श्री कृष्ण की पूजा और शोभायात्रा में पुष्प वर्षा करने के लिए बाहर से 3-4 क्विंटल फूल मंगाए गए हैं।

### जन्माष्टमी पर सांहड़ा देव मंदिर में होगी पूजा-अर्चना

प्रेस वार्ता में यादव समाज के मन्ना यादव ने बताया कि समाज द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाने की भव्य तैयारियां की जा रही है। आगामी 16 अगस्त शनिवार को यादव समाज व शहरवासी महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के समीप स्थित सांहड़ा देव मंदिर में सुबह भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के लिए उपस्थित होंगे। तत्पश्चात आयोजक मंडल द्वारा धूमधाम के साथ भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को उक्त पूजा-अर्चना कार्यक्रम व भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है।

### धूमधाम से निकलेगी भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा

मन्ना यादव ने बताया कि आगत अतिथियों व समाज के वरिष्ठों एवं मुड़ादारों की उपस्थिति में सांहड़ा देव मंदिर में पूजन-अर्चन के उपरांत निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा में समाज के बैनर, देव ध्वज, मंडई-मेला व राउत नाचा प्रमुख आकर्षण के केंद्र रहेंगे। वहीं शोभायात्रा में श्री कृष्ण के बाल स्वरूप के साथ, छत्तीसगढ़ महतारी व तिरंगे झंडे के साथ भारत माता, दृश्य मान होगी। इसके साथ ही बैंड बाजा के साथ शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण की पालकी भी शोभायमान होगी।

### बाजे-गाजे व रासलीला के साथ होगा नगर भ्रमण

प्रेसवार्ता में उपस्थित समाज के छोटेलाल यादव, महेश यादव, उपेंद्र यादव, रितेश यादव, एमन यादव, राजेश यादव, राकेश यादव, लक्ष्मण यादव, बंटी यादव आदि ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी से एक दिन पूर्व शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान से दोपहर 2 बजे तिरंगा मोटर साइकल रैली निकाली जाएगी। वहीं दूसरे दिन भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न झांकियों सहित बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा महारानी स्कूल के समीप दोपहर सांहड़ा देव मंदिर से प्रारंभ होकर रेल्वे स्टेशन चौंक, दिल्ली दरवाजा, शनि मंदिर रोड कामठी लाइन, भारत माता चौक, सदर लाइन, बसंतपुर थाना तिराहा, बाल गोविन्द तिराहा, दुर्गा चौक, गांधी चौक, मानव मंदिर चौक, जमात पारा रोड से होते हुए गुरुद्वारा चौक होकर पुनः स्टेट स्कूल मैदान पहुंचेगी। जहां भगवान श्री कृष्ण की पूजा-आराधना के पश्चात उपस्थितों में प्रसादी वितरण व शोभायात्रा का समापन होगा।

## उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान

रायपुर। मौसम विभाग के अनुसार एक सिस्टम सक्रिय होने के कारण उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने का अनुमान है। डॉ. चन्द्रा के अनुसार 12 अगस्त के पश्चात राजधानी में अच्छी वर्षा होगी। डॉ. चन्द्रा ने बताया कि राज्य में इस समय सुबह तेज धूप तथा शाम होते ही बूंदाबांदी होती है। इससे हवा में नमी बढ़ जाती है, राजधानी में आज सूरज का धूप-छांव का सिलसिला चलता रहा। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, चंडीगढ़ और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर हिमालय की तराई के पास से होते हुए उत्तर पूर्व अरुणाचल तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश के मध्य भाग में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

## जयस्तंभ चौक में 15 अगस्त को राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराना चाहिए - पिल्ले



**नेता प्रतिपक्ष ने आयुक्त विश्वकर्मा को लिखा पत्र**

राजनांदगांव (दावा)। शहर का जयस्तंभ चौक संस्कार धानी नगरी की शान है। यहां 100 फीट उंचा तिरंगा फहराते देख लोगों की देशप्रेम की भावना जागृत होती है। राष्ट्र प्रेम जागता है लेकिन दुर्भाग्य है कि पिछले कई सालों से जयस्तंभ चौक में तिरंगा झंडा फहराते हुए नहीं दिख रहा। कभी फहरता भी है तो उसका कटा-फटा दृश्य उभर आता है, जो एक तरह से राष्ट्र ध्वज का अपमान है। इसे देखते हुए नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को पत्र लिखकर 15 अगस्त को जयस्तंभ चौक में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पूरे सम्मान के साथ फहराने की अपील की है। साथ ही उन्होंने आयुक्त से कहा है कि जयस्तंभ चौक में हमेशा तिरंगा फहराते रहने के लिए एक से अधिक झंडा निगम के पास उपलब्ध होना चाहिए ताकि झंडा के धूल-धूसरित होने या हवा-तूफान में कट-फट जाने से तत्काल दूसरा घर तिरंगा झंडा लगाया जा सके।

श्री पिल्ले ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पहले जयस्तंभ चौक स्थित उक्त झंड़ा स्थल का मुआयना कर उसके सही होने के संबंध में संतुष्ट हों लें ताकि एन स्वतंत्रता दिवस को उक्त चौक में तिरंगा झंडा फहराने के समय? किसी प्रकार की दिक्कत न उपस्थित हो सके। उन्होंने शहर के सभी देश प्रेमी एवं जागरूक नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस का पर्व पूरे उत्साह उल्लास के साथ मनाने की अपील की है।



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पोस्ट ऑफिस चौक में सड़क के बीचों-बीच फ्लाईओवर के नीचे गाड़ी को आड़ा रखकर कपड़ा बेचा जा रहा है। लगता है इस व्यक्ति को ना ही निगम प्रशासन का डर है और ना ही यातायात पुलिस की कार्यवाही का भय। जय हो ट्रिपल इंजन की सरकार।

## छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने कर्नाटक को हराकर क्वाटर फाइनल में जगह बनाई



**○ मधु सिदार रही मैन ऑफ द मैच**
**○ 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका राष्ट्रीय चैंपियनशिप काकीनाडा में भाग ले रही है छत्तीसगढ़ हॉकी टीम**

राजनांदगांव (दावा)। 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक की टीम को पराजित कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया है।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ टीम ने अब तक खेले गए मुकाबलों में पहला मैच झारखंड से खेला जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा, वहीं आज दूसरा मैच हॉकी कर्नाटक के साथ खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ कर्नाटक को 6 के मुकाबले 1 गोल से पराजित कर अपने पुल में दूसरे स्थान पर रही।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से कुल 30 टीमें भाग ले रही हैं। हॉकी इंडिया द्वारा नियुक्त चयनकर्ता इस चैंपियनशिप के माध्यम से 50 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए करेंगे। इन्हीं में से चुनिंदा खिलाड़ी भारत की जूनियर बालिका टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि कर्नाटक के खिलाफ हुए मुकाबले में छत्तीसगढ़ हॉकी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया टीम की ओर से मधु सिदार ने 4 गोल और मनीषा पटेल और शीतल यादव ने 1-1 गोल किये। मधु सिदार को शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' चुना गया। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम अनुभवी प्रशिक्षण दल के साथ इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग ले रही है, जिसमें मुख्य कोच अनीश अहमद तथा संजना साहू मैनेजर की भूमिका निभा रही हैं।

छत्तीसगढ़ की इस युवा बालिका टीम में शामिल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में ज्योति रानी, भूमिका धनकर, मीनाक्षी उमरे, मौलिशा वर्मा, यशोदा, रूखमणी, नेहा कुमारी, दामिनी खुशरो, मधु सिदार, परमेस्वरी सोढी, शीतल यादव, चेतना रानी दास, आँचल, केशरानी साहू, मनीषा पटेल, डॉली निषाद, नेहा धुर्वे, श्रुति पांडेय आदि शामिल है। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्यभर के खेल प्रेमियों एवं खेल संगठनों ने टीम को बधाई दी है।

## ट्रंप का टैरिफ : खिसियानी बिल्ली जैसा कदम, भारत पर सीधा असर नहीं, लेकिन चिंताएं बढ़ी



राजनांदगांव (दावा)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर टैरिफ बढ़ाने की नीति को भाजपा नेता अशोक चौधरी ने खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत से जोड़ते हुए आलोचना की है। चौधरी ने कहा कि अमेरिका का यह कदम उसकी निराशा को दर्शाता है। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि इस टैरिफ का सीधा बोझ भारतीय कंपनियों पर नहीं, बल्कि उन अमेरिकी कंपनियों पर पड़ेगा जो भारत से सामान आयात करती हैं। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि टैरिफ बढ़ने से भारतीय उत्पादों की कीमतें अमेरिका में बढ़ जाएंगी, जिससे अमेरिकी कंपनियां भारत से आयात घटा सकती हैं। यह स्थिति भारत के विशाल दवा निर्माण उद्योग के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है। जहां एक करोड़ 15 लाख से अधिक लोग काम करते हैं। अगर आयात कम होता है तो इन कर्मचारियों की नौकरी पर खतरा मंडरा सकता है। चौधरी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह इन कंपनियों को राहत पैकेज देने पर विचार करे ताकि रोजगार सुरक्षित रहे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एकतरफा नुकसान नहीं होगा। अमेरिका को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारतीय दवाइयां अमेरिका में बनने वाली दवाइयों से सस्ती और भरोसेमंद होती हैं। इनकी कमी से अमेरिकी नागरिकों को दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा, अमेरिका को उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय बासमती चावल से भी वंचित होना पड़ेगा, जिसे वहां के लोग काफी पसंद करते हैं। चौधरी ने भारत की ऐतिहासिक मजबूती का हवाला देते हुए कहा कि 1974 और 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भी जब अमेरिका और यूरोपीय देशों ने प्रतिबंध लगाए थे। तब भी भारत अडिग रहा और आखिरकार उन्हें ही प्रतिबंध हटाने पड़े। उन्होंने कहा कि आज भारत पहले से कहीं अधिक सशक्त है और मोदी सरकार की इस नीति का हर भारतीय समर्थन करता है।

## बाल समाज के मनीष बने अध्यक्ष, नीरज को सचिव की जिम्मेदारी







राजनांदगांव। शहर की सबसे पुरानी समिति बाल समाज ने इस बार भी गणेश उत्सव की तैयारियां व्यापक पैमाने पर शुरू कर दी है। पिछले दिनों आहूत बैठक में मनीष खंडेलवाल को बाल समाज का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल द्वारा जारी कार्यकारिणी में संरक्षक जगदीश जिंदल, खूबचंद पारख, श्रीकिशन खंडेलवाल, नत्थु लाल अग्रवाल, नंदलाल राठी, मूलचंद मुरारीलाल डागा, मोहन अग्रहरि, कमल किशोर पोरवाल, सुर्यकांत चितलांग्या, डा. पुखराज बाफना, बिसन अग्रवाल, अशोक कुमार डागा, राजेन्द्र लड्डा, संतोष हुंका, सुभाष हुंका, अनिल अग्रवाल, अजीत जैन, दिनेश जिंदल, पुरूषोत्तम गांधी, ताराचंद नाहटा, अनिल गुप्ता, कैलाश हुंका, ईश्वर अग्रवाल, राजेश जिंदल, अशोक पांडे, राजेश चितलांग्या, दिनेश लाल, सत्यनारायण खंडेलवाल मनोनित किए गए है। उपाध्यक्ष कैलाश राठी, विकास अग्रवाल, गुच्ची जैन, सचिव नीरज माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष मनोज बैद, सहसचिव जीतू चोपड़ा और गोपाल भट्टड मनोनित किए गए है। वरिष्ठ सदस्यगण में नंदू भूतड़ा, सचिन अग्रहरि, पवन डागा, राजू खंडेलवाल, सुरेश पोरवाल, दीपक गांधी, रोशन गोलछा, सुर्यकांत जैन, मुन्ना अग्रवाल, गोपाल शर्मा, सुनील उभरानी, रतन गिड़िया, सागर चितलांग्या, सुरेन्द्र लोहिया, श्रीमती मधु बैद, रानू जैन और जैनम बैद मनोनित किए गए है। सदस्य के रूप में नंदू जैन, गुड्डू जैन, अरूण चोपड़ा, राजू पोरवाल, बंटी जैन, मनोज पींचा, हितेन्द्र तिवारी, सिद्धार्थ मित्तल, रूपेश गुप्ता बनाए गए है। पूजा प्रभारी जीतू चोपडा, गोपाल भट्टल, तनमय चौरसिया, गधर्व हुंका, राहुल अग्रवाल, राघव गांधी, ऋषभ नाहटा, सारांश खंडेलवाल, प्रथम चितलांग्या, अबीर खंडेलवाल और कृष्णा को बनाया गया है।

### विसर्जन झांकी के संयोजक बने दामू

बाल समाज द्वारा इस साल भी विसर्जन झांकी निकालने का निर्णय लिया गया है। इसके संयोजक दामू भूतड़ा को बनाया गया है। प्रभारी के तौर पर भरत साहू, मदन राठी, सूरज खंडेलवाल, सुजीत मित्तल, विक्की झांझरी, राजेश चंदेल, गोपाल खंडेलवाल, पराग हुंका, मोहन मेश्राम, राजकुमार गांधी, आलोक जैन, रमेश बाफना, मनोज यादव, बबली नाहटा, मीनू जैन, पुरूषोत्तम भूतड़ा, दीपक ठाकुर, हीरा माहेश्वरी, प्रमोद अग्रवाल, राजू डागा और रमेश राठी बनाए गए है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-6-7
235-0 478-9
राजधानी
3-4-0
380-1 114-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## अपर कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का भव्य आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने आज शौर्य परेड मैदान में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अतिथिगण, शहीद परिवार, पत्रकारगण की बैठक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, बेरिकेटिंग, मंच, साज-सज्जा, दर्शक दीर्घा, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, पुरस्कार वितरण सहित अन्य आवश्यक तैयारी के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव
कार्यालय पता- न्यू बस स्टैंड व्यवसायिक परिसर राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) फोन नं. 07744469714 E-mail: emzonerjn@gmail.com

क्र./771/सं.अधि./25 // आम सूचना // राजनांदगांव/ दिनांक 07/08/2025

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजनांदगांव द्वारा निर्मित सामान्य आवास योजनांतर्गत् कौरिनभाठा में एमआईजी 2/01 से लगा अतिरिक्त भूखण्ड (16.83 वर्गमीटर) श्रीमती राखी मंगवानी पति श्री जैपाल मंगवानी के नाम पर आबंटित है। उक्त भवन से लगा अतिरिक्त भूखण्ड (16.83 वर्गमीटर) का पंजीयन निष्पादन दिनांक 10.04.2023 को कराया गया है, तत्पश्चात् उक्त भवन से लगा अतिरिक्त भूखण्ड (16.83 वर्गमीटर) को श्री शंकरलाल मंगवानी पिता श्री खूबचंद मंगवानी एवं श्रीमती अनिता मंगवानी पति श्री शंकर लाल मंगवानी को विक्रय कर दिया है। आवेदक श्री शंकर लाल मंगवानी एवं श्रीमती अनिता मंगवानी द्वारा इस कार्यालय में आवेदन, विक्रय बयनामा दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त भवन को स्वयं के नाम पर नामांतरण करने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः आवेदक के नाम पर नामांतरण की कार्यवाही से किसी व्यक्ति परिवार के सदस्य, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मण्डल द्वारा आवेदक के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

NOTICE U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT.1932

Notice is hereby given under section 72 of the Indian Partnership Act, 1932 that the following changes have been occurred in the constitution of the partnership, That the name and style of partnership business is continued as **'RS GREEN POWERSS'** and its principal place of business 1487/2A, Kaurin Bhata, Stadium Road, Ward No. 38, District, Rajnandgaon [C.G.] -491441 with effect from 19/07/2025 Registration No. **222202413757** dated 05/08/2024.

Place : Rajnandgaon
Dated : 19.07.2025

**For, RS GREEN POWERSS**
**(Shri Atul Agrawal) Partner**

SILVER SCREEN MULTIPLEX
08th Aug to 13th Aug 2025



Andaaz 2 - 12:15, 03:15 & 09:15 pm
Zora - 06:15 pm
Son Of Sardaar 2 - 09:00 pm
Dhadak 2 - 06:00 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Saiyaara - 12:00 and 03:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
सुपरहिट
सैयारा
अहान पांडे, अनिता पड्डा, वरूण बडोला, आलम खान




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# त्यौहारी सीजन में ट्रेनें कैंसिल : महिलाओं हो रही परेशान



**चौथी रेल लाइन निर्माण के चलते ट्रेनें हो रही प्रभावित**

राजनांदगांव (दावा)। कोरोनाकाल से बिगड़ी ट्रेनों की व्यवस्था अब तक नहीं सुधर पाई है। ले-देकर पटरी में आ रही ट्रेनों की व्यवस्था में अब चौथी रेल लाइन निर्माण से फिर से गड़बड़ाने लगीं है। वह भी जब त्योहारी सीजन हो तो ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों की मुसीबत और भी बढ़ जाती है।

बता दें कि अभी रक्षाबंधन का त्योहार है। भाई-बहनों के पवित्र प्रेम व स्नेह बंधन के इस त्योहार में बहने अपने भाईयों को राखी बांधने जाने के लिए यातायात के सुलभ साधन ट्रेन का उपयोग करती हैं। वहीं भाई भी अपने बहन के पास जाने के लिए इस साधन का उपयोग करते है। अभी कुछ दिनों में तीजा-पोरा का पर्व प्रारंभ हो जाने वाला है। इस पर्व में माता, बहनें, बहुएं तीजा मनाने अपने मायके जाती है। पखवाड़े भर तक चलने वाले इस पर्व के अवसर पर यातायात के साधनों में काफी रश रहता है। तीजहारिनो के अवागमन से ट्रेनें फूल रहती है। पैर रखने के लिए जगह नहीं मिलता। ऐसे समय में ट्रेनों का कैंसिल होने लोगों के लिए कष्ट प्रद साबित होगा।

बताया जा रहा है कि इस दौरान कुछ ट्रेनें प्रभावित होकर चलेगी। इसमें 31 अगस्त से 15 सितंबर तक गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर, 68861-68862, बिलासपुर-झारसुगुड़ा-बिलासपुर के बीच कैंसिल रहेगी। महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ और उड़ीसा तक जाने वाली यह लंबी दूरी की ट्रेन है। इसी तरह 30 अगस्त से 12222 हावड़ा-पुणे दुरंतो, 1अगस्त को 12221 दुरंतो, 29 अगस्त को 12262-12261 हावड़ा-मुंबई दुरंतो परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर से चलेगी। 30 अगस्त को 12101 कुर्ला-शालीमार, 1 व 3 को शालीमार-कुर्ला परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा- टिटलागढ़, रायपुर से चलेगी।

### अलग-अलग तिथियों में कैंसिल किए गए ट्रेनें

बताया जाता है कि अलग-अलग तिथियों में कैंसिल की गई ट्रेनों में बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली ट्रेने भी शामिल है। 3 सितंबर को 18109-18110 टाटानगर-इतवारी-टाटानगर, 30 अगस्त को 20822 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी। एक सितंबर को 20821 पुणे-संतरागाछी, 29 व 1 को 22846 हटिया-पुणे, 31 व 3 को 22845 पुणे-हटिया कैंसिल रहेगी। 27 व 30 को 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस, 27 व 28 को 12905-12906 पोरबंदर-शालीमार -पोरबंदर कैंसिल रहेगी। 2 सितंबर 12262 हावड़ा - मुंबई ट्रेनें कैंसिल रहेगी। उपरोक्त ट्रेनों के प्रभावित होने व कैंसिल होने की मुख्य वजह चौथी रेल लाइन निर्माण कार्य है।

रायगढ़ स्टेशन पर चौथी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत यार्ड माडिफिकेशन का कार्य चलेगा। अधोसंरचना विकास के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक परियोजना पर कार्य जारी है जिसमें बिलासपुर - झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेल लाइन महत्वपूर्ण परियोजना है। यह व्यस्त रेल मार्ग जो पूरे क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत को जोड़ती है। इस मार्ग पर परिचालन को सुचारू बनाने चौथी रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इस वजह से उक्त ट्रेन प्रभावित व कैंसिल हो रही है।

# शहर कांग्रेस में जल्द होगा सेक्टर एवं मंडल कमेटियों का गठन



**दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में संगठन सृजन को लेकर बनी रणनीति, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह**

राजनांदगांव (दावा)। शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक अहम बैठक मंगलवार को सतनाम भवन नंदई चौक में आयोजित की गई। बैठक में संगठन सृजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और रणनीति बनाई गई। यह बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा के निर्देश पर आयोजित की गई थी।

बैठक का संचालन करते हुए दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से शहर में जल्द ही सेक्टर एवं मंडल कमेटियों का गठन किया जाएगा। प्रत्येक सेक्टर में 8 से 10 बूथ और प्रत्येक मंडल में 20 बूथ शामिल रहेंगे, जिनकी 21 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित की जाएगी।

वहीं वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि पुरानी बातों को भूलकर सभी कार्यकर्ता संगठन हित में एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को फिर से मजबूती दिलाने का वक्त आ गया है। पूर्व निगम सभापति रमेश डाकलिया ने इसे आगामी चुनाव की तैयारी का पहला कदम बताया और कहा कि कार्यकर्ता वार्ड और बूथ स्तर तक सक्रियता से कार्य करें।

ब्लॉक प्रभारी हनी ग्रेवाल ने कहा कि सेक्टर-मंडल स्तर पर मजबूत संगठनात्मक ढांचा खड़ा किया जाएगा, जिससे बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं को टीम भावना से कार्य करने का आह्वान किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन में रहकर बूथ स्तर पर सक्रियता से काम करने की अपील की।

इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटू, महामंत्री नीरज कन्नौजे सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे और संगठन को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के पश्चात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे बस्तर टाइगर शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनों ने महेंद्र कर्मा अमर रहें के नारों के साथ नक्सलवाद के खिलाफ उनकी सलवा जुडूम मुहिम को याद किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में रमेश राठौड़, दिनेश शर्मा, पदम कोठारी, डॉ. आफताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, मन्नालाल यादव, पंकज बांधव, प्रकाश बाफना, गुरभेज माखीजा, अमित खंडेलवाल, नीरज कन्नौजे, राकेश जोशी, शकील रिजवी, मधुबाला श्रीवास्तव, हर्ष खोब्रागढ़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन महामंत्री नीरज कन्नौजे ने किया और सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प दोहराया।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा अभिलाषा दिव्यांग स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन, गाइड रेंजर ने बांधी राखी



राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा अभिलाषा दिव्यांग स्कूल राजनांदगांव में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाइड रेंजर ने अभिलाषा स्कूल के 45 बालक-बालिकाओं को रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलायी। अभिलाषा संस्था परिवार द्वारा गाइड रेंजर बहनों को उपहार भी दिया गया।

इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद साव, अभिलाषा के अध्यक्ष संतोष बोदूदन, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल, आजीवन सदस्य संतोष खंडेलवाल, प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, प्राचार्य अभिलाषा संस्था श्रीमती वंदना तुरहटे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती भारती रजक, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, गाइडर रेंजर श्रीमती सोमिन साहू, ओपन रेंजर सरोजनी की सहभागी रहे।

# अब आरोग्यम राजनांदगांव में हृदय रोग का आधुनिक इलाज



**हर शुक्रवार को आरोग्यम क्लीनिक में परामर्श देंगे सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बक्शी**

राजनांदगांव (दावा)। शहरवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी और राहतभरी पहल की गई है। अब हृदय रोगियों को इलाज के लिए रायपुर या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। राजनांदगांव के नया बस स्टैंड स्थित 'आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक' में सुप्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बक्शी अब प्रत्येक शुक्रवार मरीजों को परामर्श देंगे। यह क्लीनिक आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और यहां एक ही छत के नीचे विभिन्न रोगों के अनुभवी विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। क्लीनिक का उद्देश्य है - गुणवत्तापूर्ण इलाज को सुलभ और किफायती बनाना।

### विशेषज्ञों की टीम-सप्ताह के हर दिन विशेषज्ञ सेवाएं

आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में निम्न विशेषज्ञों की नियमित उपलब्धता हैः डॉ. आकाश बक्शी हृदय रोग विशेषज्ञ, हर शुक्रवार डॉ. नवीन राम दारुका पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ, हर शनिवार डॉ. कुलदीप सिंह नस, मस्तिष्क और स्पाइन रोग विशेषज्ञ हर शनिवार डॉ. आर.के. साहू - किडनी रोग विशेषज्ञ, हर गुरुवार डॉ. रैनी अग्रवाल निसंतानता एवं आईवीएफ विशेषज्ञ हर बुधवार चर्म रोग विशेषज्ञ, हर बुधवार क्लीनिक की प्रमुख विशेषताएं सभी प्रमुख बीमारियों का एक ही स्थान पर इलाज अनुभवी सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टरों से परामर्श जटिल और दीर्घकालिक रोगों के लिए समर्पित सेवाएं समय और धन की बचत आम लोगों के लिए सुलभ और किफायती इलाज नागरिकों ने जताई खुशी क्लीनिक की शुरुआत से शहरवासियों में उत्साह है। एक स्थानीय नागरिक ने बताया-'पहले हमें हृदय या अन्य जटिल रोगों के इलाज के लिए रायपुर जाना पड़ता था। अब सब कुछ यहीं मिल रहा है, वो भी विशेषज्ञ डॉक्टरों से। ये हमारे लिए बहुत बड़ी सुविधा है।'

# अशांति फैलाने वाले 2 गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले तथा आपराधिक प्रवृत्ति के 2 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि 6 से 7 अगस्त को क्षेत्रांतर्गत अपराधी प्रवृत्ति एवं गांव में असमाजिक रूप से अशांति फैलाने वाले संजय पिता नंदकिशोर खांडेकर 29 वर्ष निवासी रामपुर व नोमेंद्र पिता बिसालिक साहू 35 साल निवासी ग्राम घोरदा को गिरफ्तार कर धारा 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष पेश कर जिला जेल निरूद्ध किया गया।

# पुलिस की सख्तीः ई-कॉमर्स कंपनियों को दी चेतावनी, प्रतिबंधित सामान की डिलीवरी पर होगी कड़ी कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा आज कार्यालय पुलिस अधीक्षक के सभागृह में जिले में संचालित ई-कॉमर्स ऑन-लाईन सॉपिंग संस्थानों/ दुकानों के संचालकों एवं मैनेजरों की बैठक आयोजित किया गया, जिसमें लाईटर गन, आर्टिफिसियल पिस्टल, पेपर-स्प्रे एवं चाकू (घरेलू उपयोग को छोड़कर) प्रतिबंधित दवाएं आदि के ऑन-लाईन ऑर्डर एवं डिलवरी किये गये सामान के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई और बताया गया कि इस प्रकार के सामान से समाज में हिंसा व भय का वातावरण स्थापित होता है, जिसे रोकने में पुलिस को सहयोग करने हेतु कहा गया और दुकानों में काम करने वाले डिलवरी बॉयों का पुलिस वेरिफिकेशन करने पश्चात ही उन्हें काम पर रखने की हिदायत दी गई, ऐसे संदिग्ध सामान की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, सायबर सेल से सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद लाउत्रे व जिले के 'कॉमर्स ऑन-लाईन सॉपिंग संस्थानों/दुकानों के संचालकों एवं मैनेजरों जिसमें अमेजन, ब्लू डॉट, डेलीवेरी, इन्सटा कार्ट, एक्सप्रेस बीई, मीशो, शैडोफैक्स, वोल्मो आदि कुल 8 संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित हुये।

# यश बैंक को डेढ़ लाख रु. आर्थिक व मानसिक क्षतिपूर्ति देने का आदेश

### उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का फैसला

राजनांदगांव (दावा)। परिवादी अंकित राठौर द्वारा यश बैंक के माध्यम से अपने वाहन से संबंधित ऋण प्राप्त कर वाहन क्रय किया था। समस्त ऋण की अदायगी कर देने के पश्चात यश बैंक द्वारा वाहन का एनओसी देने के बाद वाहन के आरसी बुक से एचपीआरटीओ से हटाया गया। यश बैंक द्वारा क्लोजर रिपोर्ट 22/10/2024 को जारी किया गया एवं ऋण खाता बंद करने की सूचना यश बैंक द्वारा जारी किया गया। इसके बावजूद भी यश बैंक की ओर से श्रीमान जुडिशियल मजिस्ट्रेट कोलकाता के समक्ष प्रकरण परिवादी के विरुद्ध परिवाद ऋण संबंधी प्रस्तुत किया गया, जिसकी पेशी सूचना 16/01/2025 एवं 14/2/2025 प्राप्त हुआ। उक्त नोटिस प्राप्त होने पर परिवादी के परिवार में कलह होने लगा।

परिवादी द्वारा अपने अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगांव के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया। परिवाद का सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनाँदगाँव के अध्यक्ष प्रकाश प्रशांत कुंडू एवं सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस द्वारा परिवाद में उभय पक्षों की सुनवाई के बाद परिवाद स्वीकार कर सेवा में कमी एवं त्रुटि के लिए अनावेदक यश बैंक को जवाबदार मानते हुए 1,50,000 रु. (एक लाख पचास हजार रूपये) आर्थिक एवं मानसिक क्षति के रूप में 45 दिवस के भीतर यश बैंक परिवादी को भुगतान करने का आदेश दिनांक 4 अगस्त 2025 को पारित किया। उक्त राशि आदेश दिनांक 04/08/2024 से 45 दिवस के भीतर परिवादी को भुगतान करने में असफल रहने पर आदेश दिनांक से 7 प्रतिशत की दर से ब्याज भी भुगतान परिवादी को करना होगा। उक्त प्रकरण में परिवादी अंकित राठौर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र बख्शी द्वारा पैरवी किया गया।

# विभा साहू ने बिजली संबंधी समस्याओं के तुरंत निदान न होने पर आंदोलन की दी



डोंगरगांव (दावा)। अर्जुनी क्षेत्र के बिजली संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू ने कार्यपालन निदेशक एस. सैलेट को ज्ञापन सौंपा। श्रीमती साहू ने बताया कि सब स्टेशन अर्जुनी, खुज्जी, सोनेसरार में आए दिन किसी भी समय बिजली के बंद व चालू होने से आम जनता परेशान है। एक ही ट्रांसफॉर्मर में घरेलू व पम्प कनेक्शन होने से बिजली के लोवेल्टेज की समस्या से ग्रामीण जन जूझ रहे हैं।

श्रीमती साहू ने सीई एस. सैलेट को अवगत कराते हुए कहा सालिकझिटया व खुज्जी स्कूल मैदान के बीच से 11 द्ध1 लाइन के जाने से बच्चों के साथ कभी भी दुर्घटना घट सकती है। वहीं सोनेसरार उपकेंद्र में एक्स ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ायी जाए या फिर एक अलग से ट्रांसफॉर्मर लगाये जाने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। दिन में 10 से 12 बार बिजली गुल होने से लोगों में भारी आक्रोश है। घरेलू एवं पंप कनेक्शन को अलग-अलग किया जाए। जिससे लो-वोलटेज की समस्या का तुरंत निदान हो सके। श्रीमती विभा साहू ने दस दिनों से टूटे हुए रूदगाँव के दो पोल, सिंगारपुर के तीन पोल लगवाने तथा घोरदा, मेढ़ा सहित क्षेत्र के सभी ट्रांसफॉर्मर को जल्द ही दुरुस्त नहीं कराने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य रेशम लाल साहू, सरपंच भूपेन्द्र साहू, सरपंच सूर्यकांत साहू, तुलेश सोनकर, मोहन साहू, संजय साहू, तोमेश साहू, धनंजय साहू आदि उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार जनता को करेंट मार रही - भागवत साहू



**कहा - जिस दिन जनता का गुस्सा उबल पड़ेगा उस दिन यह सरकार कहीं की नहीं रहेगी**


राजनांदगांव (दावा)। बिजली के मुद्दे पर राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भागवत साहू का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा कि बिजली करेंट मारती है, सब जानते हैं,लेकिन बिजली की सुविधा की बात पर यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भारतीय जनता पार्टी की सरकार उस जनता को बार-बार करेंट मार रही है जिसने उस पर भरोसा जताकर सत्ता पर बिठाया। श्री साहू ने आगे कहा कि जिस दिन जनता का गुस्सा उबल पड़ेगा उस दिन यह सरकार कहीं की नहीं रहेगी।

छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना को हाफ करके लोगों को बड़ा झटका दे दिया है। सरकार ने पहले बिजली के दाम में बढ़ोतरी कर दी। वहीं कांग्रेस शासन काल में दी जाने वाली 400 यूनिट तक की 50 प्रतिशत छूट को खत्म करके इसे प्रति माह 100 यूनिट कर दिया है।

सरकार के इस निर्णय को लेकर अब आम जनता में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे तुगलकी फरमान बताया है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में राज्य में हाफ बिजली योजना लागू कर बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी गई थी। इस योजना के तहत अभी तक 400 यूनिट तक खपत में कुल बिल आधा देना पड़ता था, लेकिन योजना में सरकार द्वारा किए गए संशोधन के अनुसार अब उपभोक्ताओं को हाफ बिजली बिल योजना का लाभ सिर्फ 100 यूनिट तक की खपत पर ही मिलेगा।

ऊर्जा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार अब तक इस योजना के अंतर्गत 400 यूनिट तक की बिजली बिल की कुल देय राशि (एनर्जी चार्ज, फिक्स्ड चार्ज और वैरिएबल कॉस्ट एडजस्टमेंट) में 50 प्रतिशत की रियायत दी जाती थी। नए आदेश में इसे संशोधित कर 100 यूनिट तक सीमित कर दिया गया है। नए नियमों के तहत अब योजना का लाभ केवल उन उपभोक्ताओं को मिलेगा। जिनकी मासिक खपत अधिकतम 100 यूनिट है. इस तरह से किसी माह उपभोक्ता की खपत 100 यूनिट से अधिक होती है, तो उस माह योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसके लिए भी उपभोक्ता के बिजली बिल छह माह से अधिक बकाया नहीं होने चाहिए। वहीं पहले की तरह एकल बत्ती योजना के पात्र उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली और 30 से 100 यूनिट तक की खपत पर 50 प्रतिशत छूट जारी रहेगी।


# प्रदेश में बिजली दर वृद्धि भविष्य में पूरी कंपनी अडानी को समर्पित



**प्रदेश में घर-घर डिजिटल मीटर लगाने की एजेंसी किसके पास-अशोक फडनवीस**

राजनांदगांव (दावा)। राज्य सरकार ने कुछ दिन पूर्व ही बिजली की दरों में वृद्धि की है। उक्त बढ़ौतरी से हिसाब नहीं बना तो प्रदेश की जनता को हाफ बिजली दर के बिल को समाप्त कर 400 यूनिट को घटाकर 100 यूनिट तक हाफ जार्ज कर रही है। असली वजह और कुछ है डिजिटल मीटर लगाने घर घर कौन सी कंपनी आ रही किसी को बताने की आवश्यकता नहीं है। सभी स्थानों पर मीटर लग जाने के बाद पूरी प्रदेश की सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में सौंपेगी। उसके बाद सारा कंट्रोल निजी हाथों में जा सकता है। जब तक राज्य सरकार आपको अधिक दर से बिजली के भुगतान की आदत डाल चुकी होगी, ताकि की जनता निजी कंपनी का विरोध न कर सके। उक्त योजना पूरी सुनियोजित हो सकती है। आपको आने वाले समय में इस तरह के निर्णय के लिए तैयार रहना होगा। देश की लगभग सरकारी संस्थाएं निजी हाथों में जा चुकी है। अब प्रदेश की सरकारी संस्थाएं भी निजी हाथों में देने की तैयारी है। आज के समय में लगभग लोगों के घर पर 100 यूनिट से अधिक बिजली की खपत है। राज्य सरकार महतारी वंदन योजना को नहीं चला पा रही है तो इसका मतलब नहीं कि अन्य श्रोतों से जनता पर अतिरिक्त भार देकर वसूली चालू करने लगे जनता समझे। इनकी कथनी और करनी का असर 18 माह के कार्यकाल की सरकार में दिखने लगा है। सभी क्षेत्र में फेल हो चुकी है।

# खरीफ वर्ष 2024 में 2733 किसानों को मिला 6.21 करोड़ रूपए का फसल बीमा



**रबी वर्ष 2024-25 में 20380 किसानों का दावा, 33.23 करोड़ रूपए का दावा गणना पूर्ण**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत किसानों को किफायती फसल बीमा उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन को समर्थन प्रदान किया जा रहा है। बुवाई से पूर्व से लेकर कटाई के बाद तक के चरण में, क्षेत्र दृष्टिकोण के आधार पर, सभी गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक जोखिमों के विरूद्ध किसानों की फसलों के लिए व्यापक जोखिम कवर सुनिश्चित किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2024 में 109178 ऋणी कृषक, 8688 अऋणी कृषक कुल 117866 कृषकों द्वारा रकबा 143465.56 हेक्टेयर का प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल में बीमा कराया गया था। जिसमें फसल कटाई उपरांत प्राप्त उपज आंकड़ों के आधार पर 2733 कृषकों को कुल 6 करोड़ 21 लाख 19 हजार 101 रूपए कृषकों को उनके खाते में सीधे हस्तांतरित किया गया था। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी वर्ष 2024-25 में 1947 ऋणी कृषक एवं 12161 अऋणी कृषक कुल 31634 कृषकों द्वारा रकबा 39431.58 हेक्टेयर में बीमा कराया गया था। जिसमें फसल कटाई उपरांत प्राप्त उपज आंकड़ों के आधार पर कुल 20380 कषकों को दावा राशि 33 करोड़ 23 लाख 21 हजार 247 रूपए का दावा गणना पूर्ण रूप से कर लिया गया है। जिसका भुगतान डीजी क्लेम पोर्टल के माध्यम से किसानों को भुगतान किया जाएगा। उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2025 में अब तक 1065.81 रकबा हेक्टेयर का फसल बीमा कराया गया है। उन्होंने बताया कि फसल बीमा कराने की तिथि में वृद्धि की गई है। जिसके तहत अऋणी कृषक 14 अगस्त तक एवं ऋणी कृषक 31 अगस्त तक फसल बीमा करा सकते है। उन्होंने अब तक बीमा अपने फसलों का बीमा नहीं कराने वाले कृषकों से नजदीकी लोक सेवा केन्द्र एवं बैंक, समितियों में संपर्क कर अपने फसलों का बीमा कराकर फसलों को सुरक्षा कवच प्रदान करने की अपील की है।

# होटल रैलिस में मारपीट करने वालों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार





**जमानत में छुटने के बाद पुनः गाली गलौच व मारने पीटने की दी गई धमकी, भेजा गया जेल**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के शहीद भगत सिंह चौक समीप स्थित होटल रैलिस में 5 अगस्त को जन्म दिन की पार्टी मनाते समय हुई मारपीट की घटना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ़ कार्रवाई की थी। लेकिन मामला जमानतीय होने के कारण पुलिस द्वारा आरोपियों को जमानत मुचलके पर छोड़ा गया था, लेकिन छूटने के बाद प्रार्थी हुपेश कुमार को हमारे खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए हो कहकर गाली-गलौज और मारपीट किए जाने पर पुलिस ने उन आरोपियों को फिर से धर दबोचा है, और उनके खिलाफ धारा 170/126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि जमानत पर रिहा होने पश्चात देवांश ठाकुर पिता राजेश सिंह ठाकुर उम्र 18 साल निवासी गौरीनगर वार्ड नंबर 14, नमन सोनी पिता उमेश सोनी उम्र 19 साल निवासी गौरी नगर अचानक नगर वार्ड नंबर 13 द्वारा स्टेशन रोड नगर निगम काम्पलेक्स के सामने पहुंचकर प्रार्थी को तुम हमारे खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट किया है, तेरे को देख लेंगे कहकर फिर से धमकी-चमकी दी गई।

प्रार्थी हूपेंद्र की इस सूचना पर पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर आम जनता के सहयोग से अनावेदकगणों का समझाईश देने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस को देखकर आरोपी और भी आक्रोशित होकर हो- हल्ला कर मार डालेंगे काट डालेंगे कहकर धमकी चमकी देने लगे। इस पर संज्ञेय अपराध घटित होने की स्थिति निर्मित होने पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत 6 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत इस्तगासा कायम कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया है।

## अनमोल दावा

"समय के साथ जीवन में परिवर्तन कीजिए, वरना वक्त बदलने में देर नहीं लगेगी।"

## सम्पादकीय

# हिमांचल राज्यः जितना पवित्र उतना ही खतरनाक हो रहा है!

उत्तराखंड राज्य में तीर्थ स्थानों की धार्मिक महत्ता सर्वाधिक है। उसके धराली में जिस प्रकार पानी का प्रवाह पूरजोर बहाव से प्रवेश कर गया, उसे देशवासियों ने चैनलों मे देखा और कूदरती प्रकोप का भयावह कोप देखा। ऐसी आघातजनक घटना ने विक्षुब्ध कर दिया। प्राकृतिक आपदा इतनी भयानक कि इसके बचने का कोई उपाय नहीं था। चंद सेंकड्स में धराली गांव के मकानात ताश के पतों के महल जैसे गिर पड़े।

गंगोत्री से 18 किलोमीटर दूर स्थित धराली के उपरवास में पहले बादल फटे थे। प्रचंड गति के साथ प्रवाह से पहाड़ टूटा और देखते ही देखते में खतरनाक बना यह प्रवाह ऊपरी स्तर से धरती पर आया। अभी तक में चंद मौतें और कइयों के लापता होनें की जानकारी है। संभवतः ये आंकड़ा बढ़ भी सकता है। हिमांचल क्षेत्र में हुई यह दुर्घटना पहली नहीं है। इसके पूर्व भी अनेक दुर्घटनाएं वहां घटी है और भविष्य में और भी गंभीर प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ सकता है। हमारी समस्या यह है कि, हम भूतकाल की घटनाओं में से कोई नसीहत नहीं लेते। कुदरत संकेत में अनेक चेतावनी देती है। फिर भी हम अनजान रहते हैं और सुरक्षात्मक कोई कदम नहीं उठाते। प्रकृति से खिलवाड़ करने वालों से मुंह फेरे रहते हैं। अब जब इसका भयानक अंजाम भुगततें हैं तब रोने बैठते हैं।

धराली की घटना में सर्वाधिक वही लोग शिकार हुवे, जो नदी किनारे बसे हुवे थे। उनके मकानों का गिरना कोई चकित करने वाली बात नहीं है। हिमांचल राज्य के धराली में यह अप्रत्याशित भयानक दुर्घटना घटी थी, उस समय, राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी जमकर बारिश हो रही थी। वैसे, धराली गांव बह गया हो, ऐसी यह पहली घटना नहीं है। पहले भी ऐसा हुआ था। 2013 और 2014 में ऐसी घटना घट चुकी है। उस समय, हमारे भूस्तर के विशेषज्ञों और मौसम विभाग के जानकारों ने ऐसा सुझाव दिया था कि धराली गांव के निवासियों का जितना शीघ्र हो सके, उतना अन्यत्र स्थानांतर कर देवें। किन्तु, सुझाव को नहीं माना और आज उसका जान-माल के नुकसान के रूप में हमें खामियाजा भुगतना पड़ा। इसे विडम्बना ही कहें कि धराली में नदी किनारें लोग मकान बनाकर और ज्यादा बस गए थे। धराली की जनसंख्या केवल 600 है। यहां यात्रियों का आनाजाना लगा ही रहता है।

हिमांचल क्षेत्र में बादल फटने की और पहाड़ के पत्थरों के टूटने और गिरने की कालातंर में घटना घटते ही रहती है। भूस्तर शास्त्रियों ने अभी भी भय व्यक्त किया है, यह भूकम्प है। क्षेत्र के जमीन भीतर की चट्टानें आपस में घर्षण कर रही है। जिससे स्वाभाविक रूप से धरती पर दबाव पड़ता है। छोटे-मोटे भूकम्प तो यहां होते ही रहते हैं। जानकारी के अनुसार, 1900 से 2010 तक का अध्ययन यह कहता है कि हिमालय के क्षेत्र में भूकम्प की संख्या सतत् बढ़ रही है। 1960 से 1970 के दौरान इस क्षेत्र में लगभग 100 भूकम्प तो होते ही थे। 2000 से 2010 के दौरान भूकम्प की संख्या 500 से अधिक हो गई है।

पहले जो भूकम्प होते थे, उसकी तीव्रता कम रहती थी। विशेषज्ञों ने भविष्यवाणी की है कि हिमालयीन क्षेत्र में चाहे जब जो अपनी कल्पना में नहीं है, वैसा भयंकर भूकम्प आयेगा। वहां ''इन्फ्रास्ट्रक्चर'' के नाम पर जो तेज गति से निमार्ण हो रहे हैं। यह ही खतरे की घंटी है। हम जागरूक नहीं हुवे तो घोर प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ सकता है। अभी से ही सावधान रहने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति बाबात अनेक रिपोर्ट भी आयी है। इन तमाम रिपोर्टस में ऐसी सूचना दी गई है कि प्रकृति के साथ जोखिम से भरा खिलवाड़ मत करो। अन्यथा स्थिति बहुत ही दयनीय हो जाएगी, जिसकी भरपाई करना भी मुश्किल होगा।

# शांत रहने वाली खीर गंगा धराली में रौद्र रूप में कैसे आई और मचाई तबाही

**दिनेश उप्रेती**

चीन की सीमा से लगे उत्तराखंड के उत्तरकाशी ज़िले में मंगलवार को भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में कई लोगों के हताहत होने की आशंका जताई जा रही है.सोशल मीडिया पर घटना के जो वीडियो वायरल हैं, उनमें स्थानीय लोग चिल्लाकर एक-दूसरे को आपदा की चेतावनी और जान बचाकर भागने की अपील करते हुए सुने जा सकते हैं.वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे घर और कई मंज़िला इमारतें पानी और इसके साथ आए मलबे के तेज़ बहाव में ताश के पत्तों की तरह ढह गई.उत्तराखंड सरकार का दावा है कि राहत और बचाव कार्य ज़ोर-शोर से चलाए जा रहे हैं और इसमें आपदा प्रबंधन बलों के अलावा, सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद भी ली जा रही है.

यहाँ से गंगोत्री तकरीबन 20 किलोमीटर दूर है. भौगोलिक स्थिति की बात करें, तो यह समुद्र तल से लगभग 3100 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, और अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर है. धाराली क़स्बे में हिमालय की ऊँची चोटियों में उतरकर आती है खीर गंगा. यूँ तो यह तकरीबन पूरे साल शांत और धीमे प्रवाह में बहती है, लेकिन बरसात में अपना उग्र रूप दिखा देती है.





साल 2023 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी),रुड़की के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में बताया था कि बादल फटने की ज़्यादातर घटनाएँ आमतौर पर 2000 मीटर से अधिक की ऊँचाई वाले क्षेत्रों में होती हैं. इनमें हिमालय की कई आबादी वाली घाटियाँ भी शामिल हैं.

मंगलवार को खीर गंगा ने जैसा रौद्र रूप दिखाया, इतिहास के जानकार और भूगर्भ विज्ञानी भी मानते हैं कि पहले भी खीर गंगा में भीषण बाढ़ आ चुकी है. भूगर्भ विज्ञानी प्रोफेसर एसपी सती बताते हैं कि 1835 में खीर गंगा में सबसे भीषण बाढ़ आई थी. तब नदी ने सारे धराली क़स्बे को पाट दिया था. बाढ़ से यहाँ भारी मात्रा में मलबा (गाद) जमा हो गया था. उनका दावा है कि अभी जो भी बसावट है, वह उस समय नदी के साथ आई गाद पर स्थित है. पिछले कुछ सालों में खीर गंगा में पानी का तेज़ बहाव आने की घटनाएँ हुई हैं, कई घर इस बाढ़ में बहे भी हैं, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई थी. हिमालय के इतिहास और पर्यावरण के विशेषज्ञ माने जाने वाले इतिहासकार डॉ शेखर पाठक भी मानते हैं कि ये इलाक़ा बेहद संवेदनशील है और भूस्खलन और एवलांच जैसे हादसों की संभावना यहाँ बनी रहती है. हिमालय की चौखंभा वेस्टर्न रेंज का ये इलाक़ा है. साल 1700 में जब गढ़वाल में परमार राजवंश का शासन था. तब भी बड़ा भूस्खलन होने से झाला में 14 किलोमीटर लंबी झील बन गई थी और इसका प्रमाण आज भी देखा जा सकता है, क्योंकि यहाँ भागीरथी ठहरी हुई लगती है.

डॉक्टर पाठक बताते हैं कि 1978 में धराली से नीचे उत्तरकाशी की तरफ़ आते हुए 35 किलोमीटर दूर डबराणी में एक डैम टूट गया था, इससे भागीरथी में बाढ़ आ गई थी और कई गाँव बह गए थे. इसके बाद धराली और आसपास के इलाक़ों में कई बार बादल फटने, भूस्खलन की घटनाएँ हुई, लेकिन कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई थी. रही बात, खीर गंगा के नाम को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही कई कहानियों की, तो शेखर पाठक इन्हें बस सुनी-सुनाई बातें ही मानते हैं. उन्होंने कहा, ये नदी पहले ग्लेशियर और फिर घने जंगलों से होकर बहती है, इसलिए इसका पानी शुद्ध रहता है. मतलब कई दूसरी नदियों की तरह इसमें चूने का पानी मिला हुआ नहीं है. इसलिए इसे खीर नदी कहा जाता है. बादल फटना हिमालय क्षेत्र में सबसे विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं में से एक है. इसकी वजह है बहुत कम समय में किसी छोटे इलाक़े में भारी बारिश का होना. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बादल फटने की परिभाषा है- जब किसी 20 से 30 वर्ग किलोमीटर इलाक़े में, एक घंटे में 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो जाए. विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण इन घटनाओं की संभावना लगातार बढ़ रही है.

शेखर पाठक कहते हैं, ÷पहले ऊँचाई वाले इन इलाक़ों में बर्फ़ गिरती थी, ग्लेशियर बनते थे, बारिश बहुत कम होती थी. लेकिन अब बर्फ़ कम गिरती है और बारिश भी खूब होती है. इसकी वजह है जलवायु परिवर्तन और इनका असर ऐसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आता है.

## विचार सरिता

# नये संदर्भ : हमारा स्वभाव संतों की तरह उदार हो लेकिन दुष्टों से बचना भी है आवश्यक

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



तुलसी दास जी ने रामायण में कहा हैः-

संत सरल चित जगत हित जानि सुभाउ सनेहु।
बाल बिनय सुनि करि कृपा रामचरन रति देहु
(रामचरित मानस, बालकांड, 3(ख)

इसका अर्थ है- संत सरल हृदय और जगत् का कल्याण करने वाले होते हैं। उनका ऐसा स्वभाव और लोगों के प्रति उनका स्नेह देखकर मैं नम्रतापूर्वक निवेदन करता हूँ। मेरे इस बाल विनय को सुनकर भगवान राम कृपा करें और मुझे अपने चरणों के प्रति प्रेम प्रदान करें।

वास्तव में संत स्वभाव से ही उदार होते हैं। उनके रोम-रोम में लोगों के प्रति आशीर्वाद भाव होता है। अगर कोई उनका अहित करता है, तब भी उनके भीतर दुष्ट व्यक्ति के प्रति कोई कलुषता नहीं होती है।

एक सुंदर कथा है। एक संत अपने आश्रम के पास से बहने वाली नदी में प्रतिदिन स्नान के लिए जाता था। एक बिच्छू उनके स्नान कर नदी से बाहर निकलते ही उन्हें काट लेता था। संत उसे केवल अपने से दूर कर देते थे और बिना उसे चोट पहुंचाए वापस आश्रम लौट जाते थे। एक व्यक्ति पिछले कई दिनों से उन्हें इसी तरह पीड़ा सहन करते हुए देख रहा था। एक दिन उससे रहा नहीं गया। उसने संत से पूछा :-

''महाराज ! बिच्छू विषैला प्राणी है। यह प्रतिदिन आपको काटता है, फिर भी आप उसे दंड क्यों नहीं देते हैं?''

संत ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया,

''बिच्छू का स्वभाव ही है काटना और मेरा स्वभाव ही है क्षमा करना। जब वह अपना स्वभाव नहीं छोड़ रहा है, तो मैं कैसे अपना स्वभाव छोड़ हूँ?''

वर्तमान संदर्भ में इस कथा में नया आयाम जोड़ा जा सकता है। उस व्यक्ति ने आगे पूछा,

''अगर यह आपका नहीं, किसी और का नुकसान कर दे तो?''

''सामान्यतः प्रकृति का कोई भी जीव अकारण किसी का नुकसान नहीं करता। यह बिच्छू तभी काटता होगा, जब मैं असावधानीवश इसका स्पर्श करता होऊँगा। अतः सतर्कता और सावधानी तो पहला उपाय है। ऐसा करने से वह आपको घात पहुँचाने की चेष्टा नहीं करेगा और नहीं काटेगा।'' संत ने समझाया।


यह तो हुई संत की उदारता । सभी लोग संत की तरह विष का प्रभाव झेल जाने में सक्षम नहीं होते हैं। अतः आत्मरक्षा का अधिकार किसी विषैले प्राणी का है तो मनुष्य का भी है। संत और अन्य लोगों में यही अंतर है कि संत प्रथमत~ समायोजन का प्रयास करते हैं और अन्य लोग आक्रमण की संभावना को कुचलने स्वयं पहला आक्रमण कर देते हैं। अपनी मानसिक स्थिरता और स्थाई शांति भाव के लिए संत बनने का प्रयास तो करना ही चाहिए।

## शब्द सामर्थ्य -133

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 132 का हल**



## सू- दोकू क्र.133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.132 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## सामायिक चर्चा

### ट्रम्प को अकल कब आएगी ?

खबर पढ़कर
बड़े जोर से झुंझला कर
बानी बोले - 'गजाधर भाई।
भारत-रूस की दोस्ती
डोनाल्ड ट्रम्प को रास नहीं आई।
उस 'बदला भारत' ने
भारत पर लगाया 50 प्रतिशत टैरिफ
इसमें पच्चीस परसेन्ट
रूस से तेल खरीदने की पेनाल्टी है।
मुझे तो यही लगता है गजाधर।
वह रावण से भी ज्यादा घमण्डी है
उसकी अकड़ी बुद्धि
किसी की भी बात नहीं मानती है।
वह तो बस हमेशा
'अपनी मुर्गी की एक टांग' लगाता है
और रोज ही अपने घमण्ड का
कोई न कोई बेढंगा खेल दिखाता है
पता नहीं गजाधर !
अविवेक पूर्ण निर्णय लेने वाले
उस ट्रम्प को कब अकल आएगी?
गजाधर कुछ कहते इसके पहले
गृहस्थ गिरधारी बोल उठे - ''बानी!
जब उसकी वाइफ उसे समझाएगी ।''
गजाधर बोले हँसकर- ''बानी!
गृहस्थ गिरधारी ठीक कहता है
वह हमेशा अपने अनुभव की
बात करता है!''



गिरीश बख्शी

## कविता

### आदिवासी अँव...

मँय जंगलिहा मड़िया मुरिया, शंकर कस अविनाशी अँव।
प्रकृति के संरक्षण करइया, भइया मँय आदिवासी अँव।।
ये जग के सबो देस राज मा, हावय हमरो जी लरा जरा।
संस्कृति सभ्यता के पिकी बर, मँय बाँवत बियासी अँव।।
गोंड़ मुंडा मीणा खड़िया, कोल भील अउ नायक सहरिया।
बोडो भूमिज उरांव धुरिया, सुन मँय ओझा बइगा अँव।।
बिरहोर पारधी लेपचा भुटिया, पंखा हल्बा कंवर अगरिया।
पतरी चेरो भुइयां बेदिया, मँय माटी के रहवासी अँव।।
मिजो गारो बुक्सा जयंतिया, आदि अगामी खासी मुरिया।
रेंगमा कोरकू परधान माड़िया, कादर चेंचु धुलिया अँव।।
भतरा कोरकू कमार नगेशिया, बरगी कोरबा नट जमनिया।
भील गरसिया बाल्मीक मँय, बूढ़ा देव बिसवासी अँव।।
धरम-करम अउ मरम ला सिरतो, मानय अचरित दुनिया।
बिझिया चेरू लोहरा मँय, बन जंगल के महारासी अँव।।
नदिया नरवा डोंगरी पहरिया, इही हमर हे सगरो दुनिया।
वैदिक सभ्यता पोठ करइया, मँय हर आदिवासी अँव।।
तुँहर चाला के गरफन्दा मा, जियत हँव दिन गिन-गिन।
अब तो पढ़ लव मोला रे तुम,
चारों जुग चिन्हारी अँव।।
मोर भाखा मा रचे बसे हे,
सुन सँउहत रे ओंकार हा।
रामचंद के संग देवईया,
मँय किसनचंद मुकतारी अँव।।



रोशन साहू ''मोखला''




## राशिफल

**मेष**
वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपको कारोबार में डबल मुनाफा होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आप काम करने के तरीको में बदलाव करेंगें जो आपके लिए फायेदेमंद साबित होंगें। इस राशि के छात्र हायर एजुकेशन के लिए विदेश जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**वृष राशि**
वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगें, जो आपको तरक्की के रास्ते पर लेकर जायेंगें। आज आप अपनी कार्यकुशलता के दम पर किसी कार्य को पूरा करने में सफल रहेंगें। आपको आत्मिक और मानसिक खुशी मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा, जिससे आपके मन में प्रसन्नता आएगी। आज आपको परिवार की तरफ से बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। आज का समय आपको लाभ दिलायेगा, लेकिन इसका सदुपयोग करना आपकी योग्यता पर भी निर्भर करता है।

**कर्क**
वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों का प्रोजेक्ट पूरा होगा, जिससे बॉस आपसे खुश होंगें। आज आप दिन भर कई तरह के कामों में व्यस्त रहेंगे, जिससे आपको थकान हो सकती है। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा, जिससे आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगें।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आप सबसे पहले उन कार्यों को करें , जो काफ़ी टाइम से पेंडिंग पड़े हैं। आज आपको खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने अंदर नया जोश और ऊर्जा महसूस करेंगे। आज आप अपने घर में पाजिटिविटी बनायें रखने के लिए घर की व्यवस्था को सुधारेंगें।

**कन्या**
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आपको दुगुना लाभ होगा। आज आपको रोजगार में पदोन्नती के अवसर प्राप्त होंगें, जिससे समाज में आपका रुतबा बढेगा। आज जीवनसाथी तथा परिवारजनों का सहयोग आपकी कार्य क्षमता को और अधिक बेहतर बनाएगा।

**तुला**
वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा और आपका रुका हुआ पैसा भी वापस मिलेगा। आज आपका रुझान धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में बढ़ेगा। आज आपको कम्पनी की तरफ से विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है, यात्रा लाभदायक रहेगी।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियाँ लेकर आया है। यदि आज आप कोई शॉप ओपन करना या शिफ्ट करना चाहते है, तो उससे जुडी सारी जानकारी पहले ही प्राप्त करलें। आज आप अपने व्यवहार में थोड़ा परिवर्तन लेकर आयें, जिससे एम्पलॉय के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहें। आज आपको इन्वेस्टमेंट से जुड़ी अच्छी डील मिल सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपके अधिकतर काम पूरे हो जायेगें जिससे आपको संतुष्टि मिलेगी। आज आप कोई भी नया काम शुरू करने से पहले, उससे जुड़ी सारी जानकारी इकठ्ठी करलें । आज आप किसी भी काम की एक्स्ट्रा जिम्मेदारी लेनें से बचें अन्यथा आपको मानसिक उलझन का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत को लेकर विचार-विमर्श कर सकते हैं, जिससे आने वाले समय में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिल सके। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा, पढ़ाई से रिलेटिड आ रही किसी प्रकार की समस्या से आपको मुक्ति मिलेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज व्यापारिक दृष्टि से आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, भौतिक सुख-सुविधाओं की बढ़ोत्तरी होगी। आज आप अनुभवी व्यक्तियों के मार्गदर्शन में अपने आसपास की परिस्थितियों में थोड़ा बदलाव महसूस करेंगे। इस बदलाव का आपकी पारिवारिक व्यवस्था पर अच्छा असर पड़ेगा।

**मीन**
वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी में उन्नति प्राप्त करने के अवसर मिलेंगें। आज आपकी नए व्यक्तियों से मुलाकात होगी और आपके रुके हुए काम पूरे होने से संतुष्टि मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगें, बेहतर होगा अगर आप सामान की लिस्ट बना लें।

# नए आपराधिक कानून की थीम पर इस बार के थाना दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**0 खैरागढ़ में एसपी लक्ष्य शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में थाना दिवस का आयोजन**
**0 समस्याओं का त्वरित निराकरण होते देख आमजनों के चेहरे पर खुशी और मन में संतुष्टि का भाव दिखा**



खैरागढ़ (दावा)। जिला पुलिस टीम के.सी.जी. के द्वारा जिले के सभी थानो व चौकी में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया गए। जिसके परिपालन में गुरूवार 07 अगस्त 2025 को थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर जन प्रतिनिधियों और आमजनो को थानो में आमंत्रित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों व सुझाव पर खुली चर्चा के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक जिला केसीजी लक्ष्य शर्मा (भा.पु.से.) के द्वारा खैरागढ़ में स्वयं उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही नए आपराधिक कानून के सम्बंध में जानकारी, साइबर जागरूकता, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने के अलावा साइबर अपराध संबंधित जानकारी दिया गया। साइबर संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों व वार्डो में साइबर जागरूकता/यातायात जागरूकता का आयोजन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही सड़क में आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस स्टाफ के साथ साथ आम नागरिकों को मवेशियों को उचित स्थानों पर सुरक्षित रखने की हिदायत दिया गया, ताकि हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सके। जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी थाना दिवस के अवसर पर अलग अलग थानों में जाकर समस्याओं के निराकरण हेतु जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम के द्वारा थाना ठेलकाडीह एवं पुलिस चौकी जालबांधा में,पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ प्रदीप येरेवार द्वारा थाना छुईखदान व गंडई, मुख्यालय उप पुलिस अधीक्षक रमेश चंद्रा द्वारा थाना बकरकट्टा व साल्हेवारा में एवं साइबर सेल प्रभारी केसीजी धर्मेंद्र वैष्णव द्वारा थाना मोहगांव में उपस्थिति देकर क्षेत्रांतर्गत आए समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी देकर सायबर क्राइम/फ्रॉड के बारे में भी जागरूक किया गया, साथ ही इनसे बचाव हेतु उपाय बताए गए।।

थाना क्षेत्र के आमजन, जनप्रतिनिधि, पत्रकार संघ, ग्राम प्रमुख व कोटवार सहित बडी संख्या में लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। सबसे पहले बारी-बारी से कार्यक्रम में उपस्थित लोगो की समस्याएं सुनी जिसमें प्रमुख शिकायते शराब बिक्री व सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, मादक पदार्थ जैसे गांजा, नशीली दवाइयों का सेवन एवं शराबखोरी, यातायात नियमों को अनदेखी कर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही, साइबर संबंधी समस्या, नाबालिकों द्वारा वाहनो को नहीं चलाने, छात्र/छात्राओं द्वारा शैक्षणिक संस्थानो के बाहर खुलेआम सिगरेट पीने एवं जानवर संबंधित अव्यवस्था एवं सड़क दुर्घटना के संबंध में थी। शिकायत एवं सुझाव सुनने के बाद त्वरीत कार्यवाही करने संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही साइबर एवं महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों का शीघ्र निराकरण करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना दिवस का आयोजन कर वरिष्ठ अधिकारियों ने यह स्पष्ट संदेश दिया है, कि पूरे जिले में शराबखोरी, नशेबाजी और किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। थाना दिवस का उदेश्य सार्वजनिक जीवन मे पुलिस एवं आम नागरिकों के मध्य संबंधो को मधुर बनाकर और मजबूती प्रदान करना है और साथ ही उनकी समस्याओं और चिंताओं के त्वरित निदान, जागरूकता अभियान, सूचना साझा करने हेतु यह आयोजन सभी थानों में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित की जाएगी। जिला केसीजी पुलिस टीम के इस नवाचार का आमजनों के द्वारा काफी सराहा की जा रही है।

# सावन उत्सव में उमड़ा आस्था और संस्कृति का संगम



**मखियार वाल्मीकि समाज महिला समिति का आयोजन भव्य रूप से संपन्न**

डोंगरगढ़ (दावा)। मखियार वाल्मीकि समाज महिला समिति डोंगरगढ़ के तत्वावधान में रविवार को सावन उत्सव का भव्य आयोजन नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर के पास स्थित पुराने शंकर मंदिर प्रांगण में किया गया। इस आयोजन में समाज की महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शंकर की आरती और मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें सभी महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में भाग लिया। पूजा के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई, जिसमें महिलाओं ने सावन गीतों पर नृत्य और भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

इस अवसर पर महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता बघेल ने बताया कि सावन मास भक्ति, सौंदर्य और परंपरा का प्रतीक है, जिसे समाज की महिलाएं मिलकर मनाती हैं। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं को हल्दी-कुमकुम लगाकर सम्मानित किया और श्रृंगार सामग्री तथा उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम में समाज की अनेक वरिष्ठ महिलाएं, पदाधिकारीगण एवं युवा महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे सामूहिक आयोजनों को समाज की एकता और सांस्कृतिक पहचान के लिए आवश्यक बताया। समारोह के मुख्य आकर्षण में भगवान शंकर की विशेष पूजा, महिलाओं द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं भजन, हल्दी-कुमकुम वंदन एवं उपहार वितरण, सामाजिक एकता और महिला सशक्तिकरण का संदेश रहा। संपूर्ण कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और महिलाओं ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन का आनंद उठाया।

## पहला कॉलम...

### राजपूत क्षत्रिय महिला मंडल का सावन मिलन समारोह



डोंगरगांव (दावा)। राजपूत क्षत्रिय महिला मंडल के द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन माँ बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात महिला मंडल के द्वारा भजन गायन किया गया। वहीं बच्चों का डांस एवं महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सोलह श्रृंगार, कुर्सी दौड़, फुगड़ी आदि का आयोजन हुआ। साथ ही सावन झूला का लुत्फ महिलाओं ने उठाया। वहीं वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पद्मिनी सिंह, शशि सिंह, सरोज सिंह, सरिता सिंह, रेखा सिंह, वर्षा सिंह, अर्चना सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### जरहामहका गांव के लोगों ने 25 किमी पैदल चलकर सांकरदाहरा में किया जलाभिषेक



छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ के जरहामहका गांव के शिव भक्तों ने श्रावण मास के पवित्र महीने में एक अनोखी कावड़ यात्रा निकाली। 6 अगस्त को गांव के लोगों ने अपने घरों से जल भरकर, लगभग 25 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए मोक्षधाम सांकरदाहरा में भगवान शिव को जलाभिषेक किया। इस कावड़ यात्रा में छोटे-बड़े, बच्चे-बुजुर्ग, पुरुष-महिलाएं और युवतियां सभी शामिल थे। बोल बम के जयकारे लगाते हुए सभी भक्तों ने एक साथ मिलकर यह यात्रा पूरी की। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करना था। गांव के लोगों की यह भक्ति और एकता सराहनीय है।

### मुढ़ीपार हाईस्कूल में शिक्षक पालक मेगा बैठक संपन्न




डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ ब्लाक के सबसे बड़े ग्राम मुढ़ीपार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में शिक्षक पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष सिन्हा, प्राचार्य केएम कुरैशी, व्याख्याता आरडी बंजारे, संकुल समन्वयक अर्जुन चंद्रवंशी जनपद सदस्य पुरषोत्तम साहू, सरपंच कुमेश साहू, उपसरपंच उत्तम पटेल, खुमान देशलहरे, भावेश साहू व शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता अभियान आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय, लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार साहू के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय ग्राउंड में उगे खरपतवारों को हटाया गया एवं गार्डन की सफाई की गई। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने परिसर को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में तिलक, हिरेंद्र, डेकेश्वर, रितेश, हेमप्रकाश, पुनीता, खेमलता सहित कुल 45 स्वयंसेवकों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम अधिकारी श्री साहू ने बताया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि यह सतत प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक छात्र को अपनी दिनचर्या में अपनाना चाहिए। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए ऐसे अभियानों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# अंबागढ़ चौकी के साहू सदन में 11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह संपन्न



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी स्थित साहू भवन में 11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस गरिमामय अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह,नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती योगमाया साहू, गया दास साहू विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। समारोह का उद्देश्य पारंपरिक हथकरघा उद्योग के महत्व को रेखांकित करना और स्थानीय बुनकरों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर हथकरघा से जुड़े शिल्पकारों, बुनकरों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजीव शाह पूर्व विधायक पूर्व संसदीय सचिव ने कहा की आज 11 वा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह के अवसर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्म निर्भर भारत, मेक इन इंडिया के अंर्तगत जिले में पहली बार अंबागढ़ चौकी के साहू धर्मशाला में जिला स्तरीय राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें किस प्रकार कार्य किया जाता है के संबद्ध में नई नई जानकारी प्राप्त हुई जो मेरे लिए अत्यंत सुखद का अनुभव रहा। जिले में हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देना निश्चित ही रोजगार के अवसर को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रकार के उद्योगों की स्थापना हमारे वनांचल क्षेत्र के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

अपने उद्बोधन में श्रीमती नम्रता सिंह ने कहा कि भारत की संस्कृति और आत्मनिर्भरता की पहचान यदि किसी एक उद्योग से होती है, तो वह है हथकरघा उद्योग। यह न केवल देश की समृद्ध विरासत का प्रतीक है, बल्कि लाखों परिवारों के जीवनयापन का आधार भी है। उन्होंने आगे कहा कि 'आज जरूरत इस बात की है कि हम सभी 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को मजबूत करते हुए स्थानीय हथकरघा उत्पादों को प्राथमिकता दें और बुनकरों को सम्मान के साथ पहचान दिलाएं।'

नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से भारत को आत्मनिर्भर बनाने पूरी शक्ति लगाई है। इसी के तहत 1947 मे आज के दिन विदेशी वस्तु के बहिष्कार कर महात्मा गांधी ने होली जलाई, व चरखा हथकरघा वस्त्र को आगे किया। जिनकी स्मृति में आज हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है। वह आत्मनिर्भर, स्वालंबन भारत की ओर बढते कदम है, जिसकी बधाई व शुभकामनाये दी इस अवसर पर शोसल मीडिया जिला सह संयोजक गजेंद्र मंडावी, कुम्भ लाल साहु, सोमेस हरमुख, तीरथ यादव कार्यक्रम का संचालन लोकल समिति द्वारा किया गया और अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# थाना और नगर पंचायत में बंधेगी राखी

डोंगरगांव (दावा)। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर डोंगरगांव में दो विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें सामाजिक समरसता, सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान और सांस्कृतिक एकता की भावना देखने को मिलेगी। पहला कार्यक्रम आज दोपहर 12 बजे पुलिस थाना परिसर डोंगरगांव में आयोजित किया गया है। जिसका आयोजन भारतीय जनता पार्टी मंडल महिला मोर्चा डोंगरगांव द्वारा किया जा रहा है। इस रक्षाबंधन सम्मान समारोह में महिला मोर्चा की बहनें हमारे वीर पुलिस जवानों को राखी बांधकर उनके सेवा, समर्पण और बलिदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करेगी। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक मंडल भी महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी होंगी। वही दूसरा कार्यक्रम आज ही दोपहर 3 बजे नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, समस्त पार्षदगण और नगर परिवार के सदस्य शामिल होंगे।

इस अवसर पर पारंपरिक रूप से रक्षाबंधन उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें पार्षद पद्मिनी ठाकुर, गायत्री यादव और निर्मला मालेकर सहित नगर की बहनें नगर परिवार के भाइयों की कलाई पर राखी बांधेंगी। इन दोनों आयोजनों के माध्यम से डोंगरगांव रक्षाबंधन पर्व को भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और सुरक्षा बलों के सम्मान के रूप में मना रहा है। इसके लिए नागरिकों और महिला मोर्चा की बहनों से अपील की गई है कि वे अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर इन आयोजनों को सफल और अविस्मरणीय बनाएं।

## हर घर तिरंगा यात्रा के संदर्भ में भाजपा जिला मुख्यालय में मोहला में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई




अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के जिला मुख्यालय मोहला के गन्धर्व भवन में आयोजित कार्यशाला में बूथ स्तर पर हर घर तिरंगा यात्रा को हर्षोल्लास के साथ मनाने एवं इस यात्रा को सफल बनाने के लिए समस्त कार्यकर्ताओं से अपील की गई एवं जिले के सभी मंडलों के शक्ति केंद्रों के माध्यम से तिरंगा यात्रा 10 अगस्त से 14 अगस्त तक संपूर्ण कर प्रत्येक घर में तिरंगा झंडा लगाने एवं तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की गई।

उक्त कार्यशाला में पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं तिरंगा यात्रा जिला प्रभारी पवन साहू, जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा,पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन साहू, जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, नरसिंह भंडारी, जिला उपाध्यक्ष, रमेश हिडामे, जिला मंत्री पवन गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, देवप्रसाद नेताम, ओम प्रकाश चांडक, शिव प्रकाश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य लखन कलामे, नेहरू रजक, सविता सोरी, शांति त्रिपुरे, राजेश जैन गुजराती, जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, संदीप साहू,अमित श्रीवास्तव, कंचनमाला भुआर्य, कमल तापडिया, एलेन्द्र त्रिपाठी, बिट्टू गुप्ता, जटा शंकर मिश्रा, विकास जैन, धरमु भुआर्य, चंदन उपाध्याय, विमल यादव, झनक सोनवानी, मनोज कोरटिया, सतीष राजपूत, लक्ष्मी कुल्हारा, अम्बर जोशी, देवनारायण कुम्भकार, सैयद अजहरुद्दीन एवं सभी जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुष्प वर्षा कर हेमंत लाउत्रे के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का स्वागत किया



**बालाघाट से बड़ी संख्या में स्वयंसेवक बाइक से डोंगरगढ़ पहुंचे, लिया मां बमलेश्वरी का आशीर्वाद**

डोंगरगढ़(दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तिरंगा यात्रा पखवाड़ा के तहत बालाघाट मध्यप्रदेश के लगभग सौ की संख्या में स्वयंसेवकों द्वारा बाइक के माध्यम से बालाघाट से मां बम्लेश्वरी धाम डोंगरगढ़ तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के छत्तीसगढ़ सीमा में पहुंचने पर बोरतलाव में स्वयं सेवक हेमंत लाउत्रे के नेतृत्व में स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा के डोंगरगढ़ पहुंचते ही डोंगरगढ़ के स्वयंसेवकों द्वारा तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का तिलक व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन के साथ तिरंगा यात्रा का समापन हुआ।

अनिल पांडेय ने कहा कि जनमानस में राष्ट्र प्रेम जगाने के लिए प्रतिवर्ष ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। इसी अनुक्रम में बालाघाट के स्वयं सेवकों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। बालाघाट से प्रारंभ तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, सेना के वीर जवानों की जय, जय हिंद, सेना के सम्मान में हम सब मैदान में, वंदेमातरम, आवाज दो हम एक है आदि जयघोष की गूंज होती रही। स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर संघचालक विश्वनाथ यादव, संतोष देवांगन, अनिल पांडेय, डीकेश साहू, अमन बृज नामदेव, जयंत साहू, मुकुंद मोहन साहू सहित अन्य स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

## खातू कचरा के बाद अब बिजली का झटका, बिजली बिल हाफ योजना बंद होने से पूरे प्रदेश में जनाक्रोश, कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा, किया पुतला दहन



**भाजपा सरकार के तानाशाही रवैया के खिलाफ पूरे जिले में जन आक्रोश, बिजली बिल हाफ योजना बंद करने पर**

खैरागढ़ (दावा)। खातू कचरा के बाद अब बिजली का झटका, भाजपा सरकार ने पहले बिजली के दाम बढ़ाए,अब बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दी। इससे प्रदेश के लाखों परिवारों का बिजली बिल दोगुना आने लगेगा। एक तरफ सरकार 1000 रू महतारी वंदन योजना देकर, अब बिजली बिल हाफ योजना बंद कर, जोर का झटका दिया है, ये है भाजपा सरकार की तोहफा।

इसी क्रम में आज इतवारी बाजार, शितला मंदिर के पास प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी (केसीजी) के द्वारा आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मोतीलाल जंघेल, क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भिखमचंद छाजेड़, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, छुईखदान अध्यक्ष रामकुमार पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, निलेन्द्र शर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर, मोहम्मद खान, हेमंत वैष्णव, सेवादल जिला अध्यक्ष देवराज किशोर दास जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी, नेता प्रतिपक्ष व पार्षद दीपक देवांगन, दिलीप लहरे, पूरन सारथी, रविन्द्र सिंह गुड्डा, भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नदीम मेमन, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव वर्मा, डोमार वर्मा, असंगठित क्षेत्र जिला अध्यक्ष यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू', पूर्व पार्षद सुबोध कांत पांडे, सोनू ढीमर, पूर्व एल्डरमैन पलास सिंह, मंडल अध्यक्ष पिपरिया नित्य शरण सिंह, मंडल अध्यक्ष गोलबाजार अरशद हुसैन, मंडल अध्यक्ष दाऊचौरा राजा सोलंकी, मंडल अध्यक्ष ठेलकाडीह रौनक,सेक्टर अध्यक्षगण दयाराम पटेल, अल्ताफ खान, अमित सिंह, शुभम यादव, मनोज बैद, रतन सिंघी, गोपी रजक, सरजू वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थिति हुए एवं भाजपा की जनविरोधी सरकार के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन



गंडई/पंडरिया (दावा)। स्वर्गीय श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे के मार्गदर्शन एवं एनएसएस योजना समन्वयक प्रदीप अमीला के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर के नवगठित गार्डन क्षेत्र, पुरानी एवं नवीन भवनों के बीच वृक्षारोपण किया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रत्येक वृक्ष को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी में लेकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र-छात्राओं में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि प्रकृति की रक्षा हमारा नैतिक दायित्व है। हम सभी को मिलकर अपने महाविद्यालय को हरित-भरा बनाना है और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाना है। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनीता पौरषार्य, गावस्कर कौशिक, बी.एल. वर्मा, गौरव जैन, दीपांशु यादव, शुभम दुबे सहित एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर फिर जाएंगे अमेरिका



नई दिल्ली। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के खिलाफ टैरिफ वॉर छेड़ रखी है तो वहीं दूसरी तरफ उनका पाकिस्तान प्रेम परवान चढ़ता दिख रहा है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसीम मुनीर दो महीने में दूसरी बार अमेरिका का दौरा करने जा रहे हैं। इससे पहले मुनीर ने जून में अमेरिका का दौरा किया था। असीम मुनीर के बाद पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने भी अमेरिका का दौरा किया था। जनरल असीम मुनीर यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल ई कुरिल्ला के विदाई समारोह में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा करने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि कुरिल्ला का विदाई समारोह फ्लोरिडा के टैम्पा स्थित मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। कमांडर जनरल माइकल ई कुरिल्ला ने जुलाई के अंत में पाकिस्तान की यात्रा की थी। अमेरिकी कमांडर जनरल कुरिल्ला का पाकिस्तान के प्रति गहरा लगाव रहा है और उन्होंने आतंकवाद, खासकर इस्लामिक स्टेट-खुरासान के खिलाफ लड़ाई में इस्लामाबाद की भूमिका की अक्सर सराहना की है। हालांकि, कुरिल्ला ने तर्क दिया है कि अमेरिका को भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अच्छे संबंध रखने की आवश्यकता है।

### जापान का लड़ाकू विमान एफ-2 क्रैश, बाल-बाल बचा पायलट

नई दिल्ली। जापानी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. इस दुर्घटना में पायलट बाल-बाल बच गया है. रिपोर्ट के मुताबिक जापानी एयरफोर्स का एफ-2 लड़ाकू विमान इबाराकी प्रान्त के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. रिपोर्ट के मुताबित हादसा ट्रेनिंग के दौरान हुई. हालांकि, किसी तरह पायलट की जान बचा ली गई. पायलट की हालत स्थिर बताई जा रही है, उसे कोई बड़ी चोट नहीं आई है. इससे पहले जापान का एक और एयरक्राफ्ट साल 2025 में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. 2025 के मई महीने में कोमाकी वायुसेना अड्डे से उड़ान भरने के महज दो मिनट बाद एक ज्ञ-4 प्रशिक्षण विमान रडार से गायब हो गया. यह विमान आइची प्रान्त से टेकऑफ हुआ था और इसके चालक दल के दो सदस्य लापता हो गए थे. हादसे के तुरंत बाद अधिकारी इनुयामा शहर के पास स्थित इरुका तालाब के आसपास तलाश अभियान में जुट गए. यह जलाशय एयरबेस से केवल 10 किलोमीटर दूर स्थित है. इस घटना के बाद जापान एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स ने पुराने टी-4 प्रशिक्षण विमानों की उड़ानों पर तत्काल रोक लगा दी. यह फैसला सुरक्षा के लिहाज से जरूरी था, क्योंकि यह हादसा उड़ान के केवल दो मिनट बाद हुआ, जो कि किसी तकनीकी विफलता या गंभीर यांत्रिक समस्या की ओर इशारा करता है. जापान की वायुसेना प्रमुख हिरोआकी उचिकुरा ने जानकारी दी थी कि सेना ने दुर्घटना के कारण का पता चलने और सुरक्षा जांच व ट्रेनिंग पूरा होने तक लगभग 200 टी-4 विमानों को अस्थायी रूप से उड़ान भरने से रोक दिया है.

## भारत ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम घोषित, कोंस्टास और मैकस्वीनी को मौका



सिडनी। भारत ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मुकाबलों के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम घोषित हो गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच अगले महीने दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में सैम कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी को भी शामिल किया गया है जिन्होंने इस साल भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट डेब्यू किया था।

कोंस्टास ने पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में मैकस्वीनी की जगह ली थी, लेकिन शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए। कैरेबियाई दौरे में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जबकि उनकी टीम ने वेस्टइंडीज पर पूरी तरह से दबदबा बनाया था। 19 वर्षीय कोंस्टास एकमात्र मौजूदा टेस्ट खिलाड़ी हैं जिन्हें %ए% टीम में शामिल किया गया है, जबकि अन्य कैप्ड खिलाड़ियों में मैकस्वीनी, कूपर कोनोली और स्पिनर टॉड मर्फी शामिल हैं।

कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में डेब्यू पर चमक बिखेरी थी और आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया था। इस दौरान उनकी विराट कोहली से भिड़ंत भी हो गई थी और दोनों के बीच बहस भी हुई थी। अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाने के कारण उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से शेफील्ड शील्ड में खेलने के लिए वापस भेज दिया गया था।

मर्फी ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें से चार मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2022-23 में खेले। उस सीरीज में मर्फी ने 14 विकेट लिए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने 1-2 से सीरीज गंवा दी थी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, यह उपमहाद्वीप कई अनूठी चुनौतियां और बल्ले तथा गेंद से विभिन्न कौशल का उपयोग करने का अवसर प्रदान करता है। हमें उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में लगातार अनुभव से खिलाड़ियों को भविष्य के उपमहाद्वीपीय दौरों के लिए अपने खेल की प्रभावी पद्धति और समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। लाल गेंद वाली टीम में जेसन संघा की कमी खल रही है, जिन्होंने पिछले महीने डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ नाबाद 202 रन बनाए थे और मैथ्यू रेनशॉ, जिन्हें भी भारत में टेस्ट खेलने का अनुभव है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच 16 से 19 सितंबर और 23 से 26 सितंबर तक लखनऊ में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

## सिराज-प्रसिद्ध पर पूर्व कप्तान ने टीम इंडिया पर लगाए चीटिंग के आरोप

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए पांचवें टेस्ट मैच में भारत ने बेहद रोमांचक अंदाज में 6 रन से जीत दर्ज की। द ओवल टेस्ट में इंग्लैंड जब 374 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रहा था, तो एक समय 301/3 के स्कोर पर लग रहा था कि हैरी ब्रूक और जो रूट जिस तरीके से शानदार बैटिंग कर रहे हैं, उस हिसाब से टीम इंडिया को इंग्लैंड हरा देगी।

हालांकि, भारत ने दमदार वापसी की। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के बैटिंग ऑर्डर को तहस-नहस किया और 367 रन पर ढेर कर दिया। इस तरह टीम इंडिया ने 6 रन से जीत हासिल की। दरअसल, द ओवल की पिच पूरे मैच में बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मददगार रही। ओवल टेस्ट के पांचवें दिन, 80 ओवर के बाद पुरानी गेंद से रिवर्स स्विंग देखने को मिला। भारत ने नया गेंद लेने का विकल्प नहीं चुना और पुरानी गेंद से ही खेलते रहे, जिससे उन्हें विकेट निकालने में मदद मिली।

यही रणनीति भारत के लिए फायदे में रही और उन्होंने 2-2 से टेस्ट सीरीज ड्रॉ करा दी। भारत के 6 रन से मैच जीतने के बाद पूर्व पाकिस्तानी गेंदबाज शब्बीर अहमद ने भारतीय टीम पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है भारत ने वेसलीन का इस्तेमाल किया। 80 ओवर से ज्यादा पुरानी गेंद अब भी नई जैसी चमक रही थी। अंपायर को यह गेंद जांच के लिए लैब में भेजनी चाहिए। बता दें कि शब्बीर ने पाकिस्तान के लिए कुल 10 टेस्ट और 32 वनडे मैच खेले हैं।

## बैन के बाद ब्रेंडन टेलर की हुई वापसी, तोड़ा जेम्स एंडरसन का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम इन दिनों जिम्बाब्वे के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट का आज पहला दिन है। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।



टीम में ब्रेंडन टेलर की वापसी हुई है। जिम्बाब्वे के बल्लेबाज और पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर ने गुरुवार को चार साल बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में सफल वापसी की। इससे पहले 2021 में वह बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट खेलते नजर आए थे। टेलर ने 2004 में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था।

न्यूजीलैंड के खिलाफ ब्रेंडन टेलर अपने करियर का 35वां टेस्ट खेल रहे हैं। टेलर ने 21वीं सदी में डेब्यू करने वाले सभी क्रिकेटरों में सबसे लंबे टेस्ट करियर के मामले में इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ दिया। 1989 के बाद से केवल भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर का टेलर से अधिक लंबा टेस्ट करियर रहा। सचिन ने ने 24 साल और 1 दिन में 200 टेस्ट मैच खेले हैं।

विल यंग, डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोल्स, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), मिचेल सेंटनर (कप्तान), जकारी फाउलकेस, मैट हेनरी, मैथ्यू फिशर, जैकब डफी। ब्रायन बेनेट, ब्रेंडन टेलर, निक वेल्च, सीन विलियम्स, क्रेग एर्विन (कप्तान), सिकंदर रजा, तफदज्वा त्सिगा (विकेटकीपर), विंसेंट मसेकेसा, ब्लेसिंग मुजराबानी, तनाका चिवांगा, ट्रेवर ग्वांडू।

## ईडी की कार्रवाई: रांची, धनबाद, जमशेदपुर सहित 12 ठिकानों पर छापेमारी, 750 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले का मामला



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार सुबह झारखंड में 750 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले से जुड़े मामले में एक साथ 12 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई रांची, धनबाद, जमशेदपुर, झरिया सहित विभिन्न जिलों में की गई। ईडी की टीम ने जमशेदपुर जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्क्रैप व्यवसायी और प्रमुख उद्यमी ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल के ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। बता दें कि जिन स्थानों पर कार्रवाई हुई, उनमें हथियाडीह स्थित शारदा एंडेवर्स फैक्ट्री और बिष्टुपुर के कांट्रैक्टर्स एरिया स्थित उनका आवास शामिल है। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी जीएसटी फर्जीवाड़े, टैक्स चोरी और फर्जी बिलिंग से जुड़े मामलों में की गई है। उल्लेखनीय है कि ज्ञानचंद जायसवाल पूर्व में भी इस मामले में जेल जा चुके हैं। ईडी की टीमें दस्तावेजों की गहन जांच कर रही हैं और डिजिटल सबूतों तथा संदिग्ध लेन-देन की पड़ताल में जुटी हुई हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हालांकि, ईडी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि छापेमारी देर शाम तक जारी रह सकती है। इधर, धनबाद के झरिया थाना क्षेत्र में भी ईडी ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। रांची से पहुंची टीम ने स्थानीय व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ चीनू अग्रवाल के चार नंबर मेन रोड स्थित जगदंबा फर्नीचर दुकान और फार बिल्डिंग स्थित उनके आवास पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आर्थिक अनियमितताओं और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जांच के तहत की गई है। ईडी की टीम बैंक दस्तावेज, प्रॉपर्टी से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों की जांच में जुटी है। कार्रवाई की खबर फैलते ही झरिया बाजार में हड़कंप मच गया और स्थानीय व्यवसायियों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। ईडी ने रांची के पीपी कंपाउंड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट के चौथे मंजिल पर एक फ्लैट समेत शहर के अन्य पांच स्थानों पर भी छापेमारी की है। इन ठिकानों से भी एजेंसी डिजिटल रिकॉर्ड, वित्तीय दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटा रही है। जानकारी के अनुसार, कई जगहों पर छापेमारी अभी भी जारी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**चुनाव आयोग के साथ मिलकर सत्ताधारी दल कर रहा**

आया... लोकसभा में हमारा गठबंधन पूरी तरह से साफ हो गया। यह बेहद संदिग्ध है। हमने पाया कि लोकसभा और विधानसभा के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़ गए। हम चुनाव आयोग गए और यह लेख लिखा और हमारे तर्क का सार यह था कि महाराष्ट्र चुनाव चुराया गया था। समस्या की जड़ क्या है? मतदाता सूची इस देश की संपत्ति है। चुनाव आयोग हमें मतदाता सूची देने से इनकार कर रहा है। इस दौरान राहुल गांधी ने सवाल पूछा- शाम पांच बजे के बाद वोटिंग क्यों बढ़े? चुनाव आयोग इसका जवाब दें। राहुल गांधी ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, लेकिन आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। इस दौरान राहुल गांधी ने दावा किया कि हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है। कांग्रेस सांसद ने महाराष्ट्र के अलावा एक अन्य राज्य को लेकर भी चौंकाने वाला दावा किया। बकौल राहुल गांधी, कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर 6.5 लाख वोटों में से 1 लाख से अधिक वोटों की वोट चोरी हुई। कांग्रेस के शोध में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र में एक लाख से अधिक फर्जी मतदाता, अवैध पते और बड़ी संख्या में मतदाता (बल्क वोटर्स) पाए गए। देशभर में चुनाव कराने की एकमात्र सांविधानिक इकाई- निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, सत्तारूढ़ पार्टी चुनाव आयोग के साथ मिलकर पूरे देश में बड़े पैमाने पर आपराधिक धोखाधड़ी कर रही है। चुनावी धोखाधड़ी का यह अपराध संविधान के विरुद्ध है। इसे पूरे देश में बड़े पैमाने पर अंजाम दिया जा रहा है।

राहुल गांधी ने कहा, सत्ता-विरोधी भावना एक ऐसी चीज है जो हर लोकतंत्र में हर पार्टी को प्रभावित करती है। लेकिन किसी कारण से, भाजपा लोकतांत्रिक ढांचे में एकमात्र ऐसी पार्टी है जो मूल रूप से सत्ता-विरोधी भावना से ग्रस्त नहीं है। एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल एक बात कहते हैं, आपने हरियाणा चुनाव में देखा, आपने मध्य प्रदेश चुनाव में देखा और फिर अचानक परिणाम बड़े पैमाने पर बदलाव के साथ पूरी तरह से अलग दिशा में चले जाते हैं। इसमें हमारा अपना आंतरिक सर्वेक्षण भी शामिल है, जो काफी परिष्कृत है। राहुल गांधी ने आगे कहा, ऐसे 40 हजार वोटर हैं जिनके पते शून्य है या फिर है ही नहीं... अलग-अलग नाम और अलग-अलग परिवार के लोग और जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है... चुनाव आयोग के मुताबिक इन पतों पर कई लोग रहते हैं लेकिन जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है... वोटर लिस्ट में कई लोगों की तस्वीरे नहीं हैं और अगर है भी तो ऐसी जिन्हें देखकर मतदाताओं की पहचान ही नहीं हो सकती। राहुल गांधी ने कहा, यह एक चुनौती है। यह सात फीट का कागज है। मान लीजिए मुझे यह पता लगाना है कि क्या आपने दो बार वोट दिया है या आपका नाम मतदाता सूची में दो बार है, तो मुझे आपकी तस्वीर लेनी होगी और फिर उसे कागज के हर टुकड़े से मिलाना होगा। यही प्रक्रिया है, और यह बहुत ही थकाऊ प्रक्रिया है। मैंने शुरू में सोचा था कि हम कई सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन जब हमें इसका सामना करना पड़ा, तो हमें समझ आया कि चुनाव आयोग हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा क्यों नहीं देता। क्योंकि वे नहीं चाहते कि हम ध्यान से देखें। इस काम में हमें छह महीने लगे... अगर चुनाव आयोग हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा देता, तो हमें 30 सेकंड लगते। मैं दोहराता हूं, इसीलिए हमें इस तरह का डेटा दिया जा रहा है, ताकि उसका विश्लेषण न हो... इन कागजों में ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन की सुविधा नहीं है। इसलिए अगर आप इन्हें स्कैन भी करते हैं, तो आप इनसे डेटा नहीं निकाल सकते। चुनाव आयोग इन कागजों की सुरक्षा क्यों कर रहा है? चुनाव आयोग जानबूझकर ऐसे कागज देता है जिन्हें मशीन से पढ़ा नहीं जा सकता। 2024 में सत्ता में बने रहने के लिए प्रधानमंत्री को केवल 25 सीटें चुराने की जरूरत थी; भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 33,000 से कम वोटों के अंतर से 25 सीटें जीतीं। हमारे लिए सीसीटीवी फुटेज और मतदाता सूची अब अपराध का सबूत है और चुनाव आयोग इसे नष्ट करने में व्यस्त है। चुनाव आयोग भारत में चुनाव प्रणाली को नष्ट करने में भाजपा की मदद कर रहा है। अब लोगों की जरूरत के अनुसार चुनाव आयोग को मतदाताओं का डाटा देना होगा; अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो परिणाम भुगतने होंगे। चुनाव से जुड़ी कथित धोखाधड़ी के मामले में राहुल ने कहा, निर्वाचन आयोग इस धोखाधड़ी में शामिल है। मुझे लगता है कि न्यायपालिका को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

**गैर-जिम्मेदाराना और शर्मनाक....**

में गड़बड़ी की गई और भाजपा को फायदा पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा ने मिलकर देश में एक बहुत बड़ी आपराधिक धोखाधड़ी कर रहे हैं। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करते हुए कहा, राहुल गांधी, जो अब नेता प्रतिपक्ष हैं, उन्होंने बेहद गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को ही फ्रॉड बता दिया, जो कि बेशर्मी की सारी हदें पार करता है। रविशंकर प्रसाद ने आगे कहा, नरेंद्र मोदी 2015 से लगातार चुनाव जीत रहे हैं और राहुल गांधी अब इन सभी जीत को भी फ्रॉड कह रहे हैं। यह देश की जनता का अपमान है, जिन्होंने मोदी को उनके काम, ईमानदारी और देश के विकास के लिए वोट दिया है। उन्होंने यह भी कहा, आप (राहुल गांधी) देशभर में मानहानि के मामलों में जमानत लेने के लिए घूमते रहते हैं और दूसरों को फ्रॉड कहते हैं। मैं राहुल गांधी के इन बयानों की कड़ी निंदा करता हूं। उन्हें यह भी नहीं पता कि सांविधानिक संस्थाओं के बारे में कैसे बात करनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने यह आरोप केवल इस कारण लगाए हैं, क्योंकि लोग कांग्रेस को समर्थन नहीं दे रहे हैं और न ही भविष्य में देंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पर इस तरह के आरोप लगाकर राहुल गांधी ने अपनी हताशा और आक्रोश जाहिर किया है। भाजपा नेता ने कहा, आपके (कांग्रेस के) इस तरह के बर्ताव, चरित्र और सोच के कारण ही जनता आपको वोट नहीं देती और आगे भी नहीं देगी।

**सबूत के साथ शपथ पत्र हमें सौंपे....**

जुड़े और पात्र मतदाताओं के नाम हटाने के आरोप पर शपथ पत्र मांगा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को शुक्रवार 1 से 3 बजे तक मिलने का समय भी दिया है। हालांकि, राहुल गांधी ने कहा, मैं लोगों से जो कहता हूं, वही मेरा वचन है। इसे शपथ के रूप में लीजिए। यह उनका (चुनाव आयोग का) डाटा है, और हम उनका डाटा दिखा रहे हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा, मैं एक राजनेता हूं। मैं लोगों से जो कहता हूं वह मेरा वचन है। मैं इसे सार्वजनिक रूप से सभी से कह रहा हूं। इसे शपथ के रूप में लें। यह उनका डाटा है, और हम उनका डाटा दिखा कर रहे हैं। यह हमारा डाटा नहीं है। यह चुनाव आयोग का डेटा है। मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने (चुनाव आयोग) जानकारी से इनकार नहीं किया है। उन्होंने यह नहीं कहा है कि राहुल गांधी जिस मतदाता सूची की बात कर रहे हैं वह गलत है। आप उन्हें गलत क्यों नहीं कहते? क्योंकि आप सच्चाई जानते हैं। आप जानते हैं कि हम जानते हैं कि आपने देश भर में ऐसा किया है।

**ईडी बदमाशों की तरह काम नहीं....**

दर्ज किए गए 5,000 मामलों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि हुई है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा, आप बदमाश की तरह काम नहीं कर सकते, आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा। मैंने अपने एक फैसले में कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले पांच वर्षों में लगभग 5,000 ईसीआईआर दर्ज की हैं, लेकिन दोषसिद्धि की दर 10 प्रतिशत से भी कम है। इसलिए हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि आप अपनी जांच में सुधार करें, क्योंकि यह व्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है। जज ने आगे कहा, हमें ईडी की छवि की भी चिंता है। 5-6 साल की न्यायिक हिरासत के बाद अगर लोग बरी हो जाते हैं, तो इसकी कीमत कौन चुकाएगा? जस्टिस कांत ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान टाडा और पोटा अदालतों जैसी समर्पित अदालतें हैं। पीएमएलए अदालतें दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही कर सकती हैं, जिससे मामलों का शीघ्र निपटारा हो सकता है। उन्होंने कहा, हां, प्रभावशाली आरोपी अभी भी कई आवेदन दायर करेंगे, लेकिन इन आरोपियों और उनके वकीलों को पता होगा कि चूंकि यह दिन-प्रतिदिन की सुनवाई है और उनके आवेदन पर अगले ही दिन फैसला सुनाया जाएगा। अब उन पर कड़ी कार्रवाई करने का समय आ गया है। हम उनके प्रति सहानुभूति नहीं रख सकते। मैं एक मजिस्ट्रेट को जानता हूं, जिसे एक दिन में 49 आवेदनों पर फैसला करना पड़ता है। उनमें से प्रत्येक पर 10-20 पेजों का आदेश पारित करना पड़ता है। ऐसा नहीं चल सकता। राजू ने आगे कहा कि ईडी अक्षम हो रहा है, क्योंकि प्रभावशाली आरोपी क्रिप्टो-करेंसी और अन्य तरीकों का कारोबार करने के अलावा केमैन द्वीप जैसे विभिन्न देशों में भाग जाते हैं और जांच में बाधा डालते हैं। क्रिप्टो-करेंसी के मुद्दे पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि सरकार को इसे विनियमित करने के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए, क्योंकि लोग विभिन्न एप और क्रिप्टो स्टॉक एक्सचेंज चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने हाल ही में एक मामले में कहा था कि वह दिन दूर नहीं, जब रिश्वत लेने वाले क्रिप्टो-करेंसी में रिश्वत लेंगे, जिसकी जांच करना एजेंसियों के लिए बहुत मुश्किल होगा। राजू ने पुनर्विचार याचिकाओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये 2022 के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार के नाम पर अपील के अलावा कुछ नहीं हैं। उन्होंने कहा, पुनर्विचार के लिए आपको 2022 के फैसले में रिकॉर्ड के आधार पर साफ-साफ गड़बड़ी का मामला बनाना होगा, लेकिन उन्होंने कहीं भी यह नहीं बताया है कि स्पष्ट त्रुटि क्या है। अगर इन पुनर्विचारों को स्वीकार कर लिया जाता है तो यह 2022 के फैसले को फिर से लिखने के समान होगा। राजू ने तर्क दिया कि पीएमएलए की संवैधानिक वैधता उनके पक्ष में है, क्योंकि 2019 में रोजर मैथ्यू मामले में संविधान पीठ ने कानून की वैधता को बरकरार रखा था। राजू ने कहा, याचिकाकर्ताओं ने एक मौका लिया और उस प्रयास में असफल रहे। अब वे कह रहे हैं, नहीं, वह गलत था और इसे दोबारा कर रहे हैं। पुनर्विचार एक छद्म अपील नहीं हो सकता। उन्हें पहले यह साबित करना होगा कि इन दोनों मुद्दों के संबंध में रिकॉर्ड में स्पष्ट रूप से एक त्रुटि है। रिकॉर्ड में स्पष्ट त्रुटि ऐसी त्रुटि नहीं होनी चाहिए, जिसे उजागर किया जाना चाहिए। पुनर्विचार के लिए पूछताछ नहीं की जा सकती। उन्हें पुनर्विचार के लिए एक असाधारण रूप से मजबूत मामला बनाना होगा। न्यायमूर्ति कांत ने गिरफ्तारी के दौरान ईडी की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली और क्या आरोपियों को गिरफ्तारी के आधार और कारण बताए गए थे? के बारे में भी पूछताछ की। राजू ने कहा कि कानून के तहत ईडी पर आरोपियों को ईसीआईआर (एफआईआर के समकक्ष) की एक प्रति देने की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन बाद के फैसलों में अदालतों ने आरोपियों के साथ गिरफ्तारी के आधार और कारण साझा करने पर जोर दिया।

**तोमर बंधुओं पर एक्शन: कोर्ट ने दिए....**

हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर की पत्नी भावना तोमर ने कई राज उगले और कई प्रॉपर्टीयों की जानकारी दी। रोहित की पत्नी निशानदेही पर पुलिस ने लग्जरी जैगवार गाड़ी बरामद की है। हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं की गाड़ी जैगुआर जब्ती के बाद गाड़ी का असल मालिक भी मौके पर पहुंचा। यह जैगुआर कार भिलाई निवासी मनोज कुमार वर्मा की है। पीड़ित मनोज वर्मा ने तोमर बंधुओ से 5 साल पहले 300000 उधार लिया था और बदले में कार गिरवी में रख ली थी। उधार लेने के बाद वह 8 लाख रुपए चुका चुका था। लेकिन इसके बाद भी तोमर बंधु उसकी लग्जरी कार वापस नहीं कर रहे थे।

**पीएम मोदी बोले- किसानों-पशुपालकों के....**

पर असर पड़ सकता है। अमेरिका भारत के कृषि बाजार, खासकर मक्का, सोयाबीन और कपास तक अपनी पहुँच बढ़ाना चाहता है। लेकिन भारत ने घरेलू आजीविका और किसानों पर संभावित प्रभावों की चिंताओं के चलते कृषि क्षेत्र और विदेशी डेयरी उत्पादों के लिए मार्केट खोलने का विरोध किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारे लिए, हमारे किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे इसके लिए बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। आज भारत देश के किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के लिए तैयार है। एमएस स्वामीनाथन एक प्रसिद्ध भारतीय कृषि वैज्ञानिक थे। 1960 के दशक में इन्हें उच्च उपज वाली गेहूँ की किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर भारतीय कृषि को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए हरित क्रांति का जनक माना गया। भारत को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और किसानों की गरीबी को कम करने में इनका अहम योगदान है। स्वामीनाथन का जन्म 7 अगस्त, 1925 को कुंभकोणम में हुआ। 28 सितंबर, 2023 को 98 वर्ष की आयु में चेन्नई तमिलनाडु में उनका निधन हो गया। इस महान वैज्ञानिक के सम्मान में पीएम मोदी ने गुरुवार को एक सिक्का और डाक टिकट जारी किया है।

**धराली त्रासदी-5 की मौत; एक आर्मी ऑफिसर....**

करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को ITBP मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, ITBP, NDRF और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू व राहत कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

**आपदाग्रस्त सैंजी गांव पहुंचे सीएम....**

सर्वेक्षण किया। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित थराली क्षेत्र से कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के साथ सीधे पौड़ी जिले के आपदा प्रभावितों के बीच पहुंचे। उन्होंने नौठा में बुरांसी के आपदा प्रभावित और अन्य ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुरांसी के पांच आपदा प्रभावितों को राहत राशि के चेक दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सैंजी गांव में पैदल ही क्षतिग्रस्त रास्ते से गुजरते हुए आपदा प्रभावित परिवारों के घर जाकर उनसे मुलाकात कर आपदा से हुई क्षति का जायजा लिया। इस दौरान प्रभावित परिवारों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित महिलाओं के आंसू पोछते हुए उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि आपदा की इस घड़ी में कोई भी खुद को अकेला न समझे और पूरा राज्य पीड़ितों के साथ खड़ा है। उन्होंने जिलाधिकारी को प्रभावितों के पुनर्वास एवं विस्थापन के कार्य त्वरित गति करने के निर्देश दिए। कहा कि अतिवृष्टि से हुई क्षति का आकलन करवाए जाने के साथ-साथ पहले ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भेजे जाने की कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन तत्परता से लोगों की मदद करे, जिससे जनजीवन सामान्य हो सके। वाडिया इंस्टीट्यूट को सर्वे करने के लिए कहा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल यूनिट्स नियमित रूप से भ्रमण करें, ताकि बीमार, वृद्धजनों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों तथा विशेष रूप से प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सकीय परामर्श और उपचार समय से मिल सके।

**यूक्रेन युद्ध के बाद पहली बार....**

से बचते रहे हैं। उन्होंने पिछले साल जी20 समिट में भी भाग नहीं लिया था, और इस साल ब्राजील में होने वाले समिट में भी उनकी जगह रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शामिल हुए। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने रूसी तेल आयात में भारी वृद्धि की है। युद्ध से पहले भारत सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल रूस से खरीदता था, लेकिन अब यह आंकड़ा 17-20 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले दो वर्षों में भारत ने 130 अरब डॉलर से ज्यादा का रूसी तेल खरीदा है। इससे दोनों देशों के आर्थिक संबंध और भी गहरे हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अजित डोभाल की यह पहली मॉस्को यात्रा है और अमेरिका के हालिया बयान के बीच यह यात्रा रणनीतिक दृष्टिकोण से बेहद अहम मानी जा रही है। संभावना है कि डोभाल, पुतिन से सीधे भी मुलाकात कर सकते हैं।

**अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद से....**

व्यवस्था के लिए 50 लाख रुपये, प्रत्येक वर्ष अनुसूचित जाति वर्ग के 5 युवाओं को पायलट प्रशिक्षण हेतु सहायता, तथा जोड़ा जैतखंभ के निर्माण में सीमेंट के साथ-साथ लकड़ी के उपयोग हेतु राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। साथ ही दिल्ली में संचालित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में सीट संख्या बढ़ाकर 200 करने की जानकारी दी और विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु इसका लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने आगामी समय में सभी जिला मुख्यालयों में 'नालंदा परिसर' के निर्माण की भी बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक के दौरान प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों के वर्षों से लंबित रहने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भले ही प्राधिकरण के कार्यों की राशि कम हो, लेकिन उनका सामाजिक महत्व अत्यंत बड़ा है। इन कार्यों का समय पर पूर्ण न होना चिंता का विषय है। बैठक को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अनुसूचित जाति समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की सोच समाज के वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में स्पष्ट है। उन्होंने सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए और सभी समाज को साथ लेकर छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का संकल्प दोहराया। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में समाज के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों हेतु आभार प्रकट किया। उन्होंने गिरौधपुरी धाम में रोपवे निर्माण, मेला आयोजन के दौरान बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, जोक नदी के पास स्नान हेतु आवश्यक व्यवस्था, ठहरने की सुविधा, जोड़ा जैतखंभ में लकड़ी के उपयोग, बाराडेरा धाम में ऐतिहासिक तालाब का संरक्षण और सौंदर्यीकरण, विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था जैसी मांगें बैठक में रखीं। उन्होंने बजट वृद्धि और मांगों की स्वीकृति के लिए भी आभार व्यक्त किया। बैठक में प्राधिकरण के स्वरूप, कार्यक्षेत्र, अनुमोदित कार्यों की समीक्षा, बजट प्रावधानों की जानकारी एवं वित्तीय वर्ष 2020 से 2025 तक स्वीकृत कार्यों की प्रगति सहित नागरिक सुविधाओं, सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों और शैक्षणिक सुविधा विस्तार जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्राधिकरण सदस्यों के प्रस्तावों के आधार पर 49 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के विकास एवं हितग्राही मूलक कार्यों का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब, मंत्री दयालदास बघेल, लखन लाल देवांगन, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक पुन्नूलाल मोहले, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दिलीप लहरिया, श्रीमती शेषराज हरवंश, श्रीमती उतरी गणपत जांगड़े, श्रीमती कविता प्राण लहरे, श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल सहित रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के आयुक्त, आईजी एवं 17 जिलों के कलेक्टर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति प्राधिकरण का कार्यक्षेत्र संपूर्ण राज्य है जिसमें प्रदेश के 17 अनुसूचित जाति बाहुल्य जिले जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, महासमुंद, राजनांदगांव, खैरागढ़ सहित अन्य वे जिले भी शामिल हैं, जिनमें अनुसूचित जाति जनसंख्या 25 प्रतिशत से अधिक है।

**अमेरिका में 100 साल में सबसे ज्यादा....**

फाउंडेशन का कहना है कि टैरिफ का असर खाने-पीने की चीजों पर भी पड़ेगा। अमेरिका में केला और कॉफी पर्याप्त मात्रा में नहीं उगाई जाती है, इसलिए इनकी कीमत बढ़ेगी। मछली, बीयर और शराब पर भी महंगाई का असर पड़ेगा। चीजें ज्यादा महंगी होंगी तो लोग कम खरीदेंगे। हालांकि, ट्रम्प का दावा है कि टैरिफ से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे महंगाई बढ़ेगी और नौकरियां घटेंगी। हाल ही में जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में सिर्फ 73,000 नई नौकरियां जुड़ीं। सरकार के अनुमान के मुताबिक 1.09 लाख नई नौकरियां बढ़ने की उम्मीद थीं।

मई और जून में भी नौकरियों में गिरावट आई। इससे एक तिमाही में औसतन 35,000 प्रति महीने नौकरियां जुड़ीं। यह 2010 के बाद सबसे कम आंकड़ा है। इस आंकड़े से नाराज होकर ट्रम्प ने 1 अगस्त को ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स की कमिश्नर एरिका मैकएंटरफर को नौकरी से निकाल दिया। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि रिपोर्ट में 'राजनीतिक मकसद' से हेराफेरी की गई थी। जब अमेरिका जैसा बड़ा देश टैरिफ लगाता है, तो दूसरे देश भी जवाबी टैरिफ लगा सकते हैं। इससे देशों के बीच ट्रेड वॉर शुरू हो जाती है। अभी कई देश अमेरिकी सामानों पर जवाबी टैरिफ से बच रहे हैं, लेकिन वे अमेरिका पर दबाव डालने के लिए जवाबी टैरिफ लगा सकते हैं। उदाहरण के लिए 2018-19 के टैरिफ वॉर में जब ट्रम्प ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाए थे, तो चीन ने भी सोयाबीन, ऑटोमोबाइल्स और कई अमेरिकी सामानों पर टैक्स लगाया था। अमेरिकी सोयाबीन की चीन में काफी खपत है। चीन के टैरिफ लगाने से सोयाबीन की कीमत 25 प्रतिशत ज्यादा महंगी हो गई।जिससे निर्यात में 50 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे अमेरिकी किसानों को बहुत नुकसान हुआ था। तब किसानों की मदद के लिए अमेरिकी सरकार को सोयाबीन के किसानों के लिए 7.3 बिलियन डॉलर का राहत पैकेज जारी करना पड़ा था। डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति के कारण दुनिया में मंदी आने का खतरा बढ़ गया है।

# भगवान श्री रामलला के दर्शन करने सभी घनिष्ठ मित्र सुभिया, कुमारी, गिरजा, मेहतरीन, मिना, ढेला, सुशीला अयोध्या के लिए हुई रवाना



०श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना से बुजुर्गों को तीर्थयात्रा का मिल रहा सौभाग्य
० मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को तीर्थयात्रियों ने दिया तहेदिल से धन्यवाद
० ट्रेन में बैठते ही मिला नाश्ता एवं पानी, शासन ने दी अच्छी सुविधा
० ग्राम बम्हनीचारभांठा निवासी गजेन्द्र वैष्णव ने अपनी पत्नी श्रीमती ललिता वैष्णव के साथ अयोध्या धाम जाने पर जाहिर की खुशी

राजनांदगांव (दावा)। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत अयोध्या के लिए पहली बार राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन रवाना होने पर तीर्थयात्रियों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। श्री रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन के एस-6 में बैठे राजनांदगांव की श्रीमती सुभिया देवांगन, श्रीमती कुमारी बाई साहू, श्रीमती गिरजा बाई, श्रीमती मेहतरीन बाई, श्रीमती मिना बाई, श्रीमती ढेला बाई, श्रीमती सुशीला बाई सहित अन्य महिलाओं ने खुशी जाहिर की।

उन्होंने बताया कि ट्रेन में बैठते ही नाश्ता और पानी मिला है। राज्य शासन ने बहुत अच्छी सुविधा दी है। उन्होंने कहा कि वे सभी एक साथ अनाज मंडी राजनांदगांव में कार्य करते हैं और सभी एक-दूसरे के साथ मित्र की तरह रहते है। सभी को एक साथ जाने का मौका मिलने पर खुशी दुगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में श्री रामलला दर्शन और कांशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए कभी सोचे नहीं थे कि उन्हें दर्शन करने का अवसर मिलेगा। ऐसा मौका मिला कि छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना से हमें अयोध्या धाम जाने का लाभ मिल रहा है। सभी ने दोनों हाथ उठाकर श्री रामलला की जयकारे के साथ अपनी खुशी जाहिर की। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन के एस-6 में बैठे छुरिया विकासखंड के ग्राम बम्हनीचारभांठा निवासी गजेन्द्र वैष्णव को अपनी पत्नी श्रीमती ललिता वैष्णव के साथ श्री रामलला दर्शन करने का मौका मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने अपनी प्रसन्नता जाहिर की। श्री गजेन्द्र वैष्णव ने बताया कि वे खेती-किसानी करते हैं। अयोध्या धाम जाने की बहुत इच्छा थी लेकिन रूपए ज्यादा लगने के कारण जाना संभव नहीं हो पाया था। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर आज हमें अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए जाने का सौभाग्य मिला है।

आज अयोध्या के लिए रवाना हो रहे है और हमें बहुत खुशी हो रही है। छुरिया विकासखंड से श्री रामलला दर्शन के लिए जा रहे रोहित कुमार साहू, सुनील कुमार मंडलोई, मंशाराम, राजेश्वर ध्रुव, श्रीमती उर्मिला ध्रुव, श्रीमती बिमला बाई, श्रीमती देवकी बाई ने कहा कि राजनांदगांव के रेल्वे स्टेशन से तीर्थयात्री स्पेशल ट्रेन रवाना होने पर बहुत खुशी जाहिर की।

राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से ट्रेन रवाना होने पर जिलेवासियों के लिए अच्छी सुविधाजनक हो गया है। उन्होंने बताया कि ट्रेन में अच्छी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। ट्रेन में बैठते ही नाश्ता और पानी दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना से बुजुर्गों को अयोध्या धाम में श्री रामलला दर्शन का मौका मिला रहा है।

# दसवीं के बाद कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग में करियर का सुनहरा मौका, छात्राओं के लिए अंतिम अवसर कल तक

राजनांदगांव (दावा)। जिन छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा पास कर ली है और फैशन या गारमेंट इंडस्ट्री में करियर बनाना चाहती हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। पेंड्री स्थित मिनीमाता शा. कन्या पॉलीटेक्निक कॉलेज में संचालित कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग (सीडीडीएम) डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश की अंतिम तिथि 9 अगस्त निर्धारित की गई है। यह कोर्स न केवल छात्राओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करता है, बल्कि उन्हें उद्यमिता की दिशा में भी सशक्त बनाता है।

संस्थान की विभागाध्यक्ष डॉ. मृदुलरत्न चौरसिया के अनुसार, सीडीडीएम कोर्स की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण है। हालांकि, 12वीं एवं स्नातक छात्राएं भी, जो वस्त्र निर्माण एवं फैशन डिजाइनिंग में रुचि रखती हैं, इस कोर्स में प्रवेश ले रही हैं। इस कोर्स को पूरा करने के बाद छात्राएं अपना बुटीक, एम्ब्रॉयडरी यूनिट या फैशन स्टूडियो स्थापित कर सकती हैं और अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे सकती हैं।

कॉलेज में मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन (ईटी एंड टी) एवं कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग जैसे डिप्लोमा कोर्स भी संचालित हो रहे हैं। ईटी एंड टी कोर्स में प्रवेश के लिए दसवीं के साथ-साथ पीपीटी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। वर्तमान में इन कोर्सों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का चौथा चरण प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 9 अगस्त 2025 है।

यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में केवल रायपुर, जगदलपुर और राजनांदगांव में ही यह सीडीडीएम कोर्स उपलब्ध है। इस कोर्स को पूरा करने के पश्चात छात्राओं को नया रायपुर में प्रस्तावित टेक्सटाइल हब में भी करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिल सकता है। अधिक जानकारी हेतु इच्छुक छात्राएं मोबाइल नंबर 88717-34887 अथवा 78984-68039 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पं. सुंदरलाल मुक्त विश्वविद्यालय में यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश 31 अगस्त तक

डोंगरगढ़ (दावा)। पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केन्द्र शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक किया जा सकता है। अध्ययन केन्द्र के समन्वयक टेकराम वर्मा ने बताया कि स्नातक स्तर पर बी.ए. बी.एस.सी. बी.कॉम, बी.बी.ए. एवं बी.लिब. व अन्य पाठ्यक्रमों में 31 तक प्रवेश लिया जा सकता है।

# विद्युत मंडल की समस्याओं को लेकर जेई से मिले ग्रामवासी



राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करमरी के ग्रामवासी सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू के नेतृत्व में लगातार हो रही विद्युत कटौती के विरोध में जेई से मुलाकात कर विरोध जताया।

बता दें कि खुज्जी उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुण्डरदेही, कलडबरी, महरुम, कांपा, रतनभाट, अरजकुंड, तुमड़ीकसा, पथरा गांव, ग्वालिन डीह, बावली के ग्रामीण आये दिन बार-बार विद्युत कटौती से परेशान हो चुके हैं। ना तो किसान अपने खेतों में पानी सिंचाई कर पा रहे हैं, ना ही भरी उमस में चैन से रह पा रहें हैं। हर एक घंटा बाद लाईट का बंद होना आम बात हो गई है। सरपंच दीनदयाल साहू ने कहा कि करमरी फीडर सहित अन्य गांवों पर नया ट्रांसफार्मर सहित अन्य समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई नहीं किया जाता है तो इस क्षेत्र के ग्रामवासी धरना प्रदर्शन सहित चक्काजाम करने पर बाध्य होंगे। सरपंच सहित ग्रामवासी धनीराम, सुरेन्द्र ठाकुर, गौतम निषाद, सुरेन्द्र लोहार, विरेंद्र आर्य, भुवन, बंशी, सालिक ठाकुर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राजनांदगांव के कराटे खिलाड़ी इंडिपेंडेंस कप नेशनल चैंपियनशिप के लिए दिल्ली रवाना



राजनांदगांव (दावा)। आगामी 7 से 10 अगस्त तक नई दिल्ली के तालकटोरा इनडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली इंडिपेंडेंस कप नेशनल कराते चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए राजनांदगांव के 12 खिलाड़ी दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

ये खिलाड़ी 6 अगस्त को राष्ट्रीय कोच सिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में नई दिल्ली पहुंचे। ये खिलाड़ी राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल, कस्तूरबा महिला मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

बालिका कैडेट वर्ग में गुंजन वैष्णव, पूर्वील साहू, विधि सिन्हा और धात्री साहू, सीनियर महिला वर्ग में अन्नपूर्णा साहू, लोकिता साहू और मोनिका पाढ़ी, बालक कैडेट वर्ग में दीपांशु सिन्हा और भास्कर साहू, जूनियर वर्ग में शेख हमजा एवं पुरुष सीनियर वर्ग में लोचन साहू आदि शामिल है।

### शुभकामनाएं देने वाले गणमान्य व्यक्ति

खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने के लिए कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जिनमें छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव और जिला कराटे संघ के पदाधिकारी शामिल थे। इनके अलावा, कस्तूरबा महिला मंडल और अकादमी के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भी खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

# कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी द्वारा किसानों को दी गई मौसम आधारित कृषि सलाह



राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव द्वारा जिले के किसानों को फसल सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सलाह दी गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जिसे ध्यान में रखते हुए किसान खड़ी फसल की सुरक्षा करने हेतु आवश्यक उपायों को अपनाकर नुकसान से बचा जा सकता है।

धान फसल की 20-25 दिनों की अवस्था हो चुकी है। धान फसल में शीथ ब्लाइट रोग के लक्षण दिखाई देने पर हेक्साकोनाजोल नामक कवकनाशी दवा 1 ग्राम प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करें एवं सोयाबीन फसल वृद्धिकाल अवस्था में है। सोयाबीन फसल में संकरी एवं चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार के नियंत्रण हेतु बुआई के 18-20 दिनों तक आवश्यकतानुसार खरपतवारनाशी इमेजाथाईपर 10 प्रतिशत एसएल (परसूट एवं अन्य समान उत्पाद) 750 मिली प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करें।

पशुपालक पशुओं को गिले एवं पानी भरे स्थानों पर नहीं चराएं। पशुओं को गलघोटू एवं लंगड़ा बुखार बीमारी से बचाव के टीके अवश्यक लगवाएं। अधिक दूध उत्पादन के लिए दुधारू पशुओं को 25-30 किलो हरा चारा प्रतिदिन खिलाएं। हरे चारे एवं सूखे चारे का अनुपात 3 अनुपात 1 रखें तथा मवेशियों को 25-30 ग्राम मिनरल मिक्सचर प्रतिदिन चारे के साथ मिलाकर अवश्य खिलाएं। पशुओं को वर्षा जनित रोगों से बचाव हेतु परजीवी व कृमि नाशक घोल या दवा दें। मुर्गियों को रानीखेत बीमारी से बचाने के लिए पहला टीका एफ-1 सात दिनों के अन्दर एवं दूसरा टीका आर2बी आठ सफ्ताह की उम्र में लगवाएं।

# दिग्विजय कॉलेज में तुलसी और प्रेमचंद जयंती एक साथ मनाई



जिला स्तरीय साहित्यज्ञान प्रतियोगिताएं और व्याख्यान भी हुए

राजनादगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद की जयंती एक साथ मनाई गई। इस अवसर पर दोनों साहित्यकारों के जीवन और साहित्य पर आधारित जिलास्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी सृजन साहित्य समिति के अध्यक्ष आत्माराम कोशा विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित थे। आयोजन में प्राचार्य और मुख्य वक्त सहित डॉ. प्रवीण साहू, डॉ.नीलम तिवारी, डॉ. गायत्री साहू, मानसिंह मौलिक, आनंदराम सार्वा, पवन यादव पहुना सहित विवेक वासनिक, खिलेश्वरी, आरती झारिया और काजल महोबिया ने दोनों साहित्यकारों के साहित्य पर अपने विचार प्रकट लिए।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस बार इन दोनों साहित्यकारों की जयंती एक दिन पढ़ने के कारण जिलास्तरीय साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता कराइ गई थी जिसमे जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी उत्साह के साथ भाग लिए थे। तुलसी साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता में अंकों के आधार पर खिलेश्वरी देवांगन, गूंजा सिन्हा और निहारिका को प्रथम तथा डिलेश कुमार और अदिती धमगाय को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुए। इसी प्रकार प्रेमचंद साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता में धर्मज्ञ वर्मा को प्रथम और प्रीति वर्मा तथा डिलेश को द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर आज प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण साहू और आभार प्रदर्शन डॉ. शंकर मुनि राय द्वारा किया गया।

# अग्र अलंकरण के लिए 18 क्षेत्रों के योग्य प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित



0 भव्य समारोह में 28 अगस्त को रायपुर में सम्मानित होंगे प्रतिभागी
0 प्रतिभागी 15 अगस्त तक जमा कर सकेंगे आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का नवम अग्र अलंकरण समारोह आगामी 28 अगस्त को एस एन पैलेस, रायपुर में आयोजित है। प्रदेश स्तर पर विभिन्न अट्ठारह क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 प्रतिभागियों को अग्र अलंकरण पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, अग्र अलंकरण समारोह की जानकारी देते हुए संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रमुख संरक्षक सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष द्वय राजेंद्र अग्रवाल राजू एवं सुनील रामदास अग्रवाल, अग्र अलंकरण टीम की संयोजिका डॉ.अनीता मोहनलाल अग्रवाल, सह संयोजक द्वय पंकज अग्रवाल एवं डॉ निर्मल अग्रवाल के नेतृत्व में अग्र अलंकरण की व्यापक तैयारियां की जा रही है। 01 जनवरी 2024 से 30 जून 2025 तक विभिन्न 18 क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शख्सियतों से आवेदन मंगाए गए है।

अग्र अलंकरण प्राप्त करने के लिए निर्धारित योग्यता के प्रतिभागी अपना विस्तृत विवरण सहित आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 15 अगस्त तक प्रांतीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन, हनुमान मार्केट, रामसागर पारा, रायपुर में जमा कर सकते है।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अट्ठारह विशिष्ट क्षेत्रों के लिए पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक चयनित प्रतिभागी को 11000 नगद, प्रशस्ति पत्र एवं शानदार प्रतीक चिन्ह के साथ उत्कृष्ट उपाधि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा प्रदान किए जाएंगे। जिन क्षेत्रों के लिए प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित किए गए वह स्व. श्रीमती अंगूरीदेवी मूलचंद अग्रवाल स्मृति अग्रदीप पुरस्कार पी.एच.डी.या पोस्ट ग्रेजुएशन के क्षेत्र में गोल्ड मेडलिस्ट को। स्व. श्रीमती चंदा देवी हनुमान प्रसाद अग्रवाल स्मृति अग्र गौरव पुरस्कार यूपीएससी आईएएस/ आईपीएस/ आईएफएस/ आईईएस के चयन में उत्कृष्ट को। स्व. श्रीमती रामबाई जमुना दास अग्रवाल स्मृति अग्र भूषण पुरस्कार समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि पर। स्व. रामस्वरूप अग्रवाल स्मृति अग्र दानी पुरस्कार अस्पताल / धर्मशाला इत्यादि के निर्माण पूरा करने पर। स्व. श्रीमती सीता देवी किशन लाल मोदी स्मृति अग्र परिवार पुरस्कार सी ए /सी एफ ए/सी एस की प्रवीण्य सूची में उत्कृष्ट को। स्व. श्रीमती रामदेई शीश राम अग्रवाल स्मृति अग्र शिरोमणि पुरस्कार समाजसेवा के क्षेत्र में जीवन पर्यन्त सेवा के लिए ( इसमें समय का बंधन नहीं है)। स्व. श्रीमती कमला बाई मूलचंद अग्रवाल स्मृति अग्रश्री पुरुस्कार सीजीपीएससी परीक्षा में चयन पर उत्कृष्ट को। स्व. हरीश चंद्र अग्रवाल स्मृति अग्र धनवंतरी पुरुस्कार स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अमूल्य सेवाओं के लिए। स्व. राजकुमार अग्रवाल स्मृति अग्र पुंज पुरुस्कार बारहवीं की प्रवीण सूची में सर्वश्रेष्ठ को। स्व. श्रीमती भन्ति देवी अमर सिंह स्मृति अग्र मित्र पुरस्कार पर्यावरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर। स्व. गीत गोविंद स्मृति अग्र प्रखर पुरस्कार प्रतियोगी परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीए प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर। स्वर्गीय सुंदर देवी कृष्णलाल अग्रवाल स्मृति में अग्र विषारद पुरस्कार नृत्य एवं संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय/प्रांतीय स्तर पर परचम लहराने पर। स्व. नंदराम शंकरलाल अग्रवाल स्मृति अग्र विभूति पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ सामाजिक प्रकाशन, पत्रिका, खोजी पत्रकारिता या इलेक्ट्रानिक मीडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर। स्व.रामनाथ अमरावती देवी अग्रवाल स्मृति अग्र श्रेष्ठ पुरस्कार खेलकूद के क्षेत्र में (प्रांतीय या राष्ट्रीय स्तर पर)। स्व.सत्यनारायण अग्रवाल स्मृति अग्र ज्योति पुरस्कार महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर।

# आठवीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल राजनांदगांव में स्पंदन अभियान के तहत् मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। आठवीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल राजनांदगांव में जवान और उनके परिवार के सदस्यों के लिये बुधवार 06 अगस्त को मानसिक स्वास्थ्य विषय पर (रिवायत यूवर सबक्कांसियस माइण्ड) नाम से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को अध्यक्ष के रूप में सेनानी नेहा पाण्डेय, चिकित्सा अधिकारी लव कुमार पाण्डेय, उपसेनानी श्रीमती गंगा उपाध्याय, सहायक सेनानी बी.एल. ध्रुव तथा सहायक सेनानी राकेश सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का आयोजन स्पंदन अभियान के तहत् किया गया था। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य जवान और उनके परिवार के सदस्यों को अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर कार्यशाला के प्रमुख अतिथि लाइफ कोच रोहित तेलंग ने सम्मिलित हुए सभी को संबोधित करते हुए कहा अपने मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखना और उसके लिये प्रयास करना। जीवन में प्राथमिक जिम्मेदारियों में से एक होनी चाहिए क्योंकि ज्यादातर शारीरिक बिमारियों की जड़ खराब मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी होती है। मेडिटेशन, न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग और सेल्फ हिपनोसिस जैसी तकनीकों के निरंतर अभ्यास से इस आधुनिक दौर में बढ़ते तनाव से बचा जा सकता है और एक स्वस्थ मानसिक जीवन को हासिल कर सकते है। विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा सामाजिक जीवन में बहुत बार हमें छोटी-छोटी चीजों का बहुत ज्यादा तनाव आ जाता है जैसे कि- कही जाते समय अचानक गाडी बिगड़ जाना, किसी प्रोग्राम को जाते समय देरी हो जाना, छुट्टी न मिल पाना और ऐसे कई अन्य कारणों की वजह से बार-बार गुस्सा आना, किसी और को जीवन में हमसे बेहतर करता हुआ देख दुःखी होना, खुद को छोटा महसुस करना और दूसरों से तुलना करना। ऐसे कई कारणों की वजह से हम डिप्रेशन जैसी बिमारियों का शिकार बन जाते है और आत्म विश्वास बदलते युग में बढ़ते मोबाईल और सोशल मीडिया के उपयोग से हमारी अपेक्षाएं जीवन के प्रति बहुत ज्यादा बड़ गई है और समय के साथ अपेक्षा यदि पूरी ना हो पाये तो हम तनाव महसूस करते है उसी से उच्च रक्तचाप, इंजाईटी जैसी बिमारियों को हम आकर्षित कर लेते है। इन जैसी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान और उपाय इस कार्यशाला के अंतर्गत बताये गये लाइफ कोच ने कहा- न्यूरो लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग की मदद से हम हमारे सबकॉनसियस माइण्ड को रिवायर कर सकते है। हमारे माइण्ड में भूतकाल में घटित बुरी घटनाएं, बुरे अनुभव और उससे जुड़ी बुरी यादें हमें हमेशा मानसिक रूप से तकलीफ पहुंचाती है और यहीं बुरी घटनाएं हमें लोगों और अनुभवों के प्रति गलत बिलीफ प्रदान करती है। हमारे गलत बिलीफ ही हमारे बेहतर और खुशहाल जीवन के प्रति बाधा बन जाते है सबकॉनसियस में भरे हुए ऐसे ही गलत बिलीफ, बुरी यादों को सुधारने का काम और अच्छे बिलीफ को बनाने का काम न्यूरों लिग्विस्टिक प्रोग्रामिंग हमारे लिये करती है ताकि हम जीवन को बेहतर तरीके से जी पायें। इससे हम हमारे बिगड़े हुए पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों को सुधार सकते है और पहले से ज्यादा मजबूत बना सकते है साथ ही इसके निरंतर अभ्यास से हमारे जीवन को देखने का नज़रिया पहले से अच्छा और बेहतर बनता है। कार्यशाला के दौरान लाइफ कोच ने सम्मिलित सभी को एन.एल.बी. तकनीकों को सिखाया और अभ्यास कराया। कार्यक्रम के विषय पर सम्मिलित लोगों द्वारा पुछे गये सवालों का समाधान बताया तथा सेनानी नेहा पाण्डेय ने जवानों को अच्छी सोच के जीवन पर होने वाले अच्छे परिणामों के विषय में मार्गदर्शन किया और हमेशा इस अभ्यास को करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अन्त में आठवीं बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की ओर से सहायक सेनानी राकेश सिंह ने व्याख्याता और उनकी टीम के प्रति आभार प्रकट करते हुये कहा कि, आगे भी किसी प्रकार के कार्यशाला का नियमित रूप से आयोजन किया जायेगा तथा सेनानी ने प्रमुख व्याख्याता रोहित तेलंग को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया इस दौरान सम्मिलित लोगों के अलावा टीम मेटा माइण्ड के गोविंद यन्नावार और भीषम पासवान आदि उपस्थित रहें।



# शिवसेना ने शहर में स्टॉल लगाकर गौ रक्षा हेतु जुटाया समर्थन



प्रदेश भर में 10 लाख हस्ताक्षर का लक्ष्य

राजनांदगांव (दावा)। शिवसेना जिला अध्यक्ष आकाश सोनी ने बताया कि गौमाता की हत्या बंद करने, गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने, गौ हत्या करते पाएं जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने, गांव-गांव स्थित गौठानो को गौशाला का नाम देकर घुमंतू पशुओं को सुरक्षित रखने एवं कलेक्टर रेट पर दो गौ सेवक रखने, गौमाता को राज्य माता घोषित करने को लेकर बुधवार को शहर के जयस्तंभ चौक में सुबह 7 बजे से एवं नया बस स्टैंड संत कंवर राम चौक में स्टॉल लगाकर महा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

श्री सोनी ने बताया 3 जुलाई को शिवसेना प्रदेश प्रमुख मान धनंजय सिंह परिहार ने महा हस्ताक्षर सभी संभागों में करने की शुरुवात की है। जो कि पहले चरण में दुर्ग संभाग में शिवसेना पार्टी के किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं एवं शहरों के प्रमुख चौराहों में स्टॉल लगाकर आम जनता को गौ रक्षा हेतु चलाये जा रहे महा हस्ताक्षर अभियान से जोड़ने का प्रयास किया।

# नाइजीरियन और दक्षिण अफ्रीकी मूल के साइबर ठगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



राजनांदगांव(दावा)। विदेश से महंगे गिफ्ट और विदेशी मुद्रा भेजने के नाम पर भारतीय महिलाओं से ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगों के गिरोह को राजनांदगांव पुलिस ने दिल्ली से धर दबोचा, साइबर सेल राजनांदगांव और पुलिस चौकी चिचोला की संयुक्त कार्रवाई में दो नाइजीरियन और एक दक्षिण अफ्रीकी मूल के तीन आरोपियों को जनकपुरी और उत्तम नगर, नई दिल्ली से 5 अगस्त 2025 को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड पर राजनांदगांव लाया गया। आरोपियों के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल किए गए 2 लैपटॉप, 14 एंड्रॉयड मोबाइल, 6 की-पैड मोबाइल, 5 बंद मोबाइल (कुल 25 मोबाइल), 5 एटीएम कार्ड और 32 सिम कार्ड जब्त किए गए।

कैसे करते थे ठगी

आरोपियों ने स्नैपचैट पर फर्जी अकाउंट्स (Drkendrick24 और collins leo25) बनाकर एक युवती से दोस्ती की और स्वयं को आर्थिक रूप से समृद्ध विदेशी नागरिक बताकर उसे विदेश से महंगे गिफ्ट और पाउंड मुद्रा भेजने का झांसा दिया। इसके बाद, एयरपोर्ट कस्टम ऑफिस में पार्सल पकड़े जाने का बहाना बनाकर कथित कस्टम क्लीयरेंस के लिए 1,23,700 रुपये की ठगी की। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस चौकी चिचोला, थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 105/2025, धारा 318(4), 3(5) बीएनएस और 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### एसपी ने किया खुलासा

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल ने स्नैपचैट अकाउंट्स का तकनीकी विश्लेषण कर आरोपियों की लोकेशन उत्तम नगर, नई दिल्ली में ट्रेस की। थाना डाबरी, दिल्ली पुलिस के सहयोग से चाणक्य पैलेस, जनकपुरी और उत्तम नगर में छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपी स्टीफन उर्फ लक्की, डेडन जो (30 वर्ष), स्थायी पता अमिनबो, आइवरी कोस्ट (दक्षिण अफ्रीका), वर्तमान पता चाणक्य पैलेस, जनकपुरी, नई दिल्ली, 2. किंग्सले (35 वर्ष), स्थायी पता ओग्वु, अनंबरा, नाइजीरिया, वर्तमान पता चाणक्य पैलेस, जनकपुरी, नई दिल्ली, व 3. जॉर्ज चुक्कुमेका (उम्र अज्ञात), स्थायी पता ओनित्शा, असाबा, नाइजीरिया, वर्तमान पता ओम विहार, उत्तम नगर, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

### ठगों से ठगी में उपयोग सामाने की गई जब्त

पुलिस द्वारा मौके पर घटना में प्रयुक्त आरोपियों के पास से ठगी में उपयोग किये गये 02 नग लैपटाप, 14 नग एण्ड्राईड मोबाईल, 6 नग की-पेड मोबाईल सेट, 05 नग बंद मोबाईल कुल 25 नग मोबाईल एवं 05 नग एटीएम कार्ड, 32 नग सिम जप्त किया गया। इस प्रकार अन्य साक्ष्यों के साथ आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ कर अन्य भारतीय महिलाओं के साथ भविष्य में होने वाले सायबर ठगी की घटना का रोकने में राजनांदगांव पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

# मिसेज ग्रैंड इंटरनेशनल कॉन्टेस्ट में नांदगांव की लावण्या सेकंड रनर अप

### दाम्पत्य जीवन में प्रवेश के बाद पहुंची मुंबई



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यांगून म्यांमार की राजधानी में आयोजित 'मिसेज ग्रैंड इंटरनेशनल 2025' प्रतियोगिता में संस्कारधानी में पली-बढ़ी डॉ. लावण्या (पांडे) गुप्ता ने सेकंड रनर अप होने का गौरव प्राप्त किया है। उक्त प्रतियोगिता जुलाई के द्वितीय सप्ताह में संपन्न हुई। पूरी दुनिया भर से पहुंचे प्रतिभागियों ने कॉन्टेस्ट में अपने टैलेंट का प्रदर्शन किया। लगभग 15 देशों के 40 प्रतिभागियों में डॉ.लावण्या ने भारतवर्ष का मान बढ़ाते हुए सेकंड रनर अप का खिताब अपने नाम कर लिया। डॉ.लावण्या ने देश की महिलाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए यह सिद्ध कर दिखाया कि हौसला हो तो कोई भी काम असंभव नहीं है।

राजनांदगांव संस्कारधानी नगरी के शिक्षाविद् आर.बी. पांडे की द्वितीय सुपुत्री डॉ. लावण्या ने मुंबई से म्यांमार तक की यात्रा में कितनी चुनौतियों का सामना किया होगा, इसे वही समझ सकता है जो इस तरह की प्रतियोगिता का हिस्सा रहा हो। म्यांमार की राजधानी यांगून में जुलाई के दूसरे सप्ताह में संपन्न 'मिसेज ग्रैंड इंटरनेशनल 2025 प्रतियोगिता' का हिस्सा बनने वाली लावण्या दाम्पत्य जीवन में भी सफल गृहिणी साबित हुई हैं। अपने दो बच्चों के पालन-पोषण में उन्होंने किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी। साथ ही मुंबई की व्यस्त जीवनशैली में अपने जीवन साथी का भरपूर साथ देते हुए लावण्या सुप्रसिद्ध फार्मा कंपनी 'लूपिन' में फुल टाइम बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर की जवाबदारी भी बखूबी निभा रही हैं। अपने शरीर की चिंता करते हुए उसे फिट रखने के उद्देश्य से व्यस्तता के बीच समय प्रबंधन के माध्यम से विगत 15 वर्षों से जिम से भी जुड़ी हुई हैं। हमसे चर्चा के दौरान सेकंड रनर अप लावण्या बड़े ही सरल अंदाज में कहती हैं कि महिलाओं को समाज दोयम दर्जे का स्थान प्रदान करता है। जो किसी भी रूप में उचित नहीं है। इतनी बड़ी चुनौती को स्वीकार करने से पूर्व उनके मन में जीत के प्रति कितनी सकारात्मक सोच थी? इस पर लावण्या कहती हैं कि गीता का उपदेश 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेसु कदाचना' सभी को अपने जेहन में रखकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ चलना चाहिए। विजई उद्घोषणा के पश्चात सतरंगी मंच से भावुकता के साथ उन्होंने कहा कि यह ताज सिर्फ मेरा नहीं है! यह हर उस कामकाजी मां का है जो सपनों को पंख लगाने की हिम्मत रखती है। समाज में महिला ही वह शख्स है, जो हर किरदार निभा सकती है और प्रत्येक भूमिका में अपनी छाप छोड़ सकती है। उन्होंने अपनी जीत को अपने प्यारे वतन भारतवर्ष के साथ ही अपनी ससुराल से लेकर मायके तक ही सीमित नहीं रखा वरन अपनी कंपनी में बॉस के साथ सहकर्मियों के नाम कर दिया। उन्होंने कहा कि इन सभी का स्नेह और आशीर्वाद मेरे साथ बना रहा और मैं अपने लक्ष्य को भेद सकी।

भारतवर्ष की शान बन चुकी लावण्या के विचारों ने सभासदों को करतल ध्वनि के लिए विवश कर दिया। उनका उद्बोधन जो मातृत्व से लेकर महिला सशक्तिकरण और घर के कामों में खट रही ग्रहणियों के लिए जिम की जरूरत पर उनके मुखारविंद से निकलते ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनकी जीत का सबसे प्रबल माध्यम उनके द्वारा प्रश्नोत्तर राउंड के साथ फिटनेस राउंड में दिए गए जवाब बनकर उभरे। उन्होंने कुछ इस तरह का परफॉर्मेंस जजेस के समक्ष कर दिखाया जो उनके आत्मविश्वास के साथ ही हर तरह की झिझक को अंगूठा दिखाता प्रतीत हुआ। यदि यह कहा जाए कि संस्कारधानी के संस्कारों से सुसज्जित लावण्या आज भारतवर्ष की लाखों महिलाओं तथा युवतियों के लिए प्रेरणा बन चुकी है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

# सरप्लस बिजली वाले राज्य में जनता के साथ घोर अन्याय: कांग्रेस



0 बिजली बिल हॉफ योजना यथावत रखने की मांग की
0 शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस के नेतृत्व में बिजली आफिस के सामने हुआ पुतला दहन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना को बंद कर दिया है। योजना बंद होने से एक तरह से गरीब जनता पर अत्याचार के समान है। पहले से ही जनता महंगाई की मार से परेशान है और अब आर्थिक भार डालते हुए 400 यूनिट को घटाकर 100 यूनिट खपत करने वालों को हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिल सकेगा बाकि जनता को पूरा बिल भुगतान करना पड़ेगा इस तरह कहा जाए तो भाजपा सरकार हिटलरशाही नीति अपना रही है। जिसको लेकर शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा कैलाशनगर बिजली आफिस के सामने विरोध-प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व कैलाशनगर स्थित बिजली कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर हॉफ बिजली बिल योजना यथावत रखने की मांग गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार आते ही भाजपा पार्टी जनविरोधी नीति अपनाते हुए लगातार बिजली बिल के दामो में वृद्धि कर रही है। अब हॉफ बिजली बिल योजना को बंद किया जा रहा है।

ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि डेढ़ साल के भीतर साय सरकार द्वारा घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी की है। हमारी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल सहयोग सहायता योजना मिल रही है। उसे भी बंद कर रही है। भाजपा सरकार यह सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों के हाथों में बिक चुकी है। प्रदेश के गरीब जनता से इसका कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है।

पुतला दहन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी कमलजीत सिंह पिन्टू, जितेन्द्र मुदलियार, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, इकरामुद्दीन सोलंकी, जिपं सदस्य विभा साहू, महेन्द्र यादव, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पीसीसी महासचिव डॉ. थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, शारदा तिवारी, झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, रितेश जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, चुम्मन साहू, शकील रिजवी, पार्षद अमीन हुद्दा, सुरेन्द्र देवांगन, प्रज्ञा गुप्ता, मोहिनी सिन्हा, अशोक फडनवीस, अभिमन्यु मिश्रा, दयावान देवांगन, मनीष सिमनकर, कुलदीप कुरेंजकर, पूर्णिमा नागदेवे, अवधेश प्रजापति, पायल बारमते सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# गुजराती स्कूल की छात्रा मिष्ठी सिन्हा तीरंदाजी में स्टेट लेवल पर हुई चयनित



राजनांदगांव(दावा)। जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़) द्वारा संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 तीरंदाजी खेल का आयोजन गायत्री विद्यापीठ में कराया गया, जिसमें हमारी गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल की कक्षा छटवी की छात्रा मिष्ठी सिन्हा ने तीरंदाजी खेल बालिका वर्ग अंडर 14 वर्ष में आगे राज्य स्तरीय तीरंदाजी खेल के लिए चयन हुआ हैं। संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल सहित संस्था की प्राचार्या श्रीमति सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या अर्पणा श्रीवास्तव, स्पोर्ट्स टीचर अनुसुईया साहू एवं सुधा साहू ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य सामग्री की सघन जांच के साथ जनसामान्य को किया जा रहा जागरूक



तीन दिवसीय विशेष जांच अभियान : 'बने खाबो बने रहिबो' के तहत सघन जांच एवं जागरूकता अभियान

राजनांदगांव (दावा)। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तर पर तीन दिवसीय विशेष जांच अभियान 'बने खाबो बने रहिबो' के तहत सघन जांच एवं जागरूकता अभियान को सार्थक बनाने चलित प्रयोगशाला द्वारा लगातार खाद्य कारोबारियों एवं आमजन के बीच जाकर जागरूक किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा खाद्य कारोबारियों को विशेषकर स्ट्रीट फुड वेंडर्स, चाट कॉर्नर, चाय-नाश्ता आदि संचालकों अखबारी पेपर का इस्तेमाल नहीं करने, पर्याप्त हाइजीन व साफ-सफाई रखने हेतु समझाईश दी जा रही है। साथ ही साथ रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रख मिठाई दुकान, रेस्टोरेंट आदि में भी औचक दबिश देकर मौके पर ही जांच किया जा रहा है। ज्ञात हो कि विगत दो दिनों में राजनांदगांव व आसपास के जिलों से लगभग 200 खाद्य नमूने मौके पर जांचे गये हैं। टीम द्वारा मिथ्याछाप, उपयोग तेल का बार-बार उपयोग, सामग्री को बांधने पेपर का इस्तेमाल, अखाद्य रंग आदि का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान दूध व दुग्ध उत्पादों के विधिक व सर्विलांस नमूना मिलावट जांच हेतु संग्रहित किया जा रहा है। संघन जांच जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा। जनसामान्य व खाद्य कारोबारियों से चमकीली व भड़कीली मिठाईयों के उपयोग पर सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

# 'रेल मदद' एप : आपकी हर समस्या का डिजिटल समाधान

राजनांदगांव (दावा)। यात्रियों की सुविधाए सुरक्षा और उनकी यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु भारतीय रेलवे द्वारा विकसित 'रेल मदद' ऐप अब एक अत्यंत प्रभावशाली डिजिटल शिकायत निवारण प्लेटफॉर्म के रूप में उभरकर सामने आया है। यह ऐप भारतीय रेलवे की सेवा-संवेदनशीलता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो यात्रियों को एकीकृत, सरल और पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराता है। 'रेल मदद' ऐप के माध्यम से यात्री सफर के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत . जैसे सफाई व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, पैंट्री सेवाएं, एसी या लाइट की खराबी, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, स्टाफ का व्यवहार, महिला सुरक्षा, सामान की चोरी, या मेडिकल इमरजेंसी-दर्ज कर सकते हैं। शिकायत दर्ज करते ही यात्री को एक यूनिक ट्रैकिंग नंबर प्राप्त होता है, जिसकी सहायता से वे अपनी शिकायत की स्थिति को रियल टाइम में ट्रैक कर सकते हैं।




यात्रियों की शिकायतें हो रही मिनटों में दूर

यह ऐप न केवल मोबाइल एप्लिकेशन के रूप में उपलब्ध हैए बल्कि यात्री वेबसाइटए हेल्पलाइन नंबर 139, एसएमएसए ईमेल और सोशल मीडिया के माध्यम से भी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। दर्ज की गई शिकायतें स्वतः संबंधित स्टेशन या विभाग को अग्रेषित हो जाती हैं, जिससे समयबद्ध समाधान सुनिश्चित होता है। शिकायत निवारण प्रक्रिया की त्रिस्तरीय निगरानी व्यवस्था - मंडल, जोन और रेलवे बोर्ड स्तर पर-इस प्लेटफॉर्म को अत्यंत पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाती है।

### 'रेल मदद' ऐप की प्रमुख विशेषताएँ

0 बहुभाषी, सरल एवं उपयोगकर्ता अनुकूल इंटरफेस
0 गूगल प्ले स्टोर से निरूशुल्क डाउनलोड की सुविधा
0 हर वर्ग के यात्रियों के लिए सुगम उपयोग
0 दुर्घटना या आपात स्थिति में त्वरित सहायता

नागपुर मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने बताया 'भारतीय रेलवे द्वारा विकसित रेल मदद' ऐप यात्रियों की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह ऐप न केवल रेलवे की सेवा गुणवत्ता को और बेहतर बना रहा हैए बल्कि यात्रियों के मन में भरोसे और संतोष का भाव भी उत्पन्न कर रहा है। रेल प्रशासन की प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षाए सुविधा और संतुष्टि हैए और ्रेल मददष् ऐप इस उद्देश्य की पूर्ति में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है।' रेलवे प्रशासन सभी यात्रियों से आग्रह करता है कि वे इस डिजिटल सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएँ और किसी भी समस्या की स्थिति में ऐप के माध्यम से तुरंत शिकायत दर्ज करें।






# कृषि विभाग द्वारा उर्वरक निरीक्षकों की ड्यूटी लगाकर निर्धारित दर पर कराया गया खाद का वितरण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में खाद की अधिक दर बिक्री की शिकायतों के दृष्टिगत कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले में संचालित निजी खाद-बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर द्वारा जिले के निजी विक्रय परिसरों में विक्रय केन्द्रवार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर निजी केन्द्रों में भण्डारित उर्वरकों का शासन द्वारा निर्धारित दर यूरिया 266.50 रूपए, डीएपी 1350 रूपए में कृषकों को वितरण कराया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम जंगलेसर में वरूण कृषि केन्द्र में उपलब्ध 43 बोरी यूरिया खाद का वितरण किसानों को कृषि विकास अधिकारी अविनाश दुबे तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रजनी सोनटेके की उपस्थिति में कराया गया।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला कलेक्टर जनदर्शन में जिला किसान संघ द्वारा ऐसे किसान जो समिति के सदस्य नहीं है। उन्हें निजी विक्रय केन्द्रों के माध्यम से यूरिया खाद दिलाए जाने की मांग की गई थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाईन फर्टिलाईजर मॉनिटरिंग पोर्टल से ऑनलाईन खाद की सूची निकालकर उर्वरक निरीक्षक श्रीमती रमशिला गौरकर की उपस्थिति में किसानों के साथ मेसर्स अमर इंटरप्राईसेस राजनांदगांव में कृषकों की उपस्थिति में यूरिया का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से कराया गया। जिसमें 70 बोरी यूरिया खाद का वितरण 35 किसानों को कराया गया। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा सभी निजी उर्वरक विक्रय अनुज्ञप्तिधारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि उनके पास भण्डारित उर्वरकों का शासन द्वारा निर्धारित दर पर कृषकों को विक्रय करने आवश्यक समन्वय स्थापित करें। किसी भी स्थिति में शिकायत पाये जाने पर संबंधित अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com